ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 12 जून 2024
वर्ष 5, अंक 206, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सुपर आठ से एक कदम दूर भारत 17

फिल्म गिल्ट 3 को मिली प्रतिक्रिया से खुश सारा खान 18

छात्रों को वर्ष में दो बार प्रवेश दे सकेंगे विश्वविद्यालय व उच्च शिक्षा संस्थान

नई दिल्ली, एजेंसी

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इस संबंध में योजना को दी मंजूरी
- किन्हीं कारणों से समय पर प्रवेश न ले पाने वाले छात्रों को सहूलियत

भारतीय विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अब विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर वर्ष में दो बार प्रवेश देने की अनुमति मिल जाएगी और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस संबंध में योजना को मंजूरी दे दी है।

यूजीसी अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। कुमार ने बताया कि शिक्षण सत्र 2024-25 से जुलाई-अगस्त और जनवरी-फरवरी में दो बार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कुमार ने कहा कि यदि भारतीय विश्वविद्यालय वर्ष में दो बार प्रवेश दे सकें, तो इससे ऐसे छात्रों को लाभ होगा, जो बोर्ड परीक्षा के परिणामों की घोषणा में देरी, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या व्यक्तिगत कारणों से जुलाई-अगस्त सत्र में किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने से चूक जाते हैं। उन्होंने कहा कि साल में दो बार विश्वविद्यालयों में प्रवेश से छात्रों को प्रेरणा बनाए रखने में मदद मिलेगी क्योंकि यदि वे वर्तमान सत्र में प्रवेश से चूक जाते हैं तो उन्हें प्रवेश पाने के लिए एक पूरा वर्ष इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

साल में दो बार प्रवेश के साथ, उद्योग जगत के लोग भी वर्ष में दो बार अपने 'कैंपस' चयन की प्रक्रिया संचालित कर सकते हैं, जिससे स्नातकों के लिए रोजगार के अवसर बेहतर होंगे। यूजीसी प्रमुख ने बताया कि साल में दो बार प्रवेश से उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) को अपने संसाधन वितरण, जैसे संकाय, प्रयोगशाला, कक्षाएं और सहायक सेवाओं की योजना अधिक कुशल बनाने में मदद मिलेगी, जिसके परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय के भीतर सुगमता से कामकाज होगा।

पीएम ने सोशल मीडिया से 'मोदी का परिवार' हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया खातों पर नाम के आगे लिखा 'मोदी का परिवार' हटा दिया और समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली राजग की चुनावी जीत ने प्रभावी रूप से वह संदेश दिया है, जो उसे देना चाहिए था।

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने उन पर आरोप लगाया था कि उनका अपना कोई परिवार नहीं है। प्रधानमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा था कि भारत के लोग उनका परिवार हैं। इसके बाद भाजपा सदस्यों और बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने मार्च में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा और इसका उपयोग एक अभियान के रूप में किया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'मोदी का परिवार' से मुझे बहुत ताकत मिली।

नीट काउंसलिंग पर रोक से इंकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है एनटीए दे जवाब : सुप्रीम कोर्ट
- केंद्र और एनटीए के अलावा बिहार सरकार को भी नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट ने कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 को फिर से कराने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा। हालांकि कोर्ट ने काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायामूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाश पीठ ने प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यह इतना आसान नहीं है कि आपने जो किया है वह सब पाक साफ है। शुचिता प्रभावित हुई है, इसलिए हमें जवाब चाहिए। पीठ ने हालांकि सफल अभ्यर्थियों को एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। केंद्र और एनटीए के अलावा पीठ ने बिहार सरकार को भी नोटिस जारी किया। राज्य में परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। पीठ ने कहा कि आपको कितना समय चाहिए? अदालत खुलने के तुरंत बाद? नहीं तो काउंसलिंग शुरू हो जाएगी। शीर्ष अदालत ने शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दाखिल याचिका को लंबित याचिका के साथ संलग्न कर एनटीए को जल्द से जल्द जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत की पीठ में गर्मियों के अवकाश के बाद आठ जुलाई से नियमित सुनवाई शुरू होगी। एनटीए सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी आयोजित करता है।

राज्य में नई तबादला नीति को मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक, 41 प्रस्तावों को दी गई स्वीकृति

जिले में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूरे करने वाले अधिकारी ले सकते हैं 30 जून तक तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों, अधिकारियों को दोहरा लाभ दिया है। लोकभवन में मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 2024-25 के लिए नई स्थानांतरण नीति को मंजूरी दी गई। सभी मनचाहे स्थानांतरण 30 जून तक हो जाएंगे। नीति के तहत समूह क और ख के उन अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिन्होंने जिले में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वहीं, समूह ग और घ में सबसे पुराने अधिकारियों का पहले ट्रांसफर किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले लाखों सरकारी कर्मचारियों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ देने का भी फैसला लिया। स्थानांतरण के क्रम में समूह क और ख के अधिकारियों के लिए अधिकतम 20 प्रतिशत तो वहीं समूह ग और घ के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत की सीमा रखी गई है। मंगलवार को योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 42 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें 41 को मंजूरी दी गई।

प्रयागराज कुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। महाकुंभ की तैयारियों को देखते हुए 2019 की तुलना में 2025 में 3200 हेक्टेयर की जगह 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में मेले का विस्तार किया गया है। अनुमान है कि मौनी अमावस्या पर करीब छह करोड़ लोग स्नान के लिए प्रयागराज आएंगे।

फ्यूचर विश्वविद्यालय बरेली और एचआरआईटी गाजियाबाद को हरी झंडी

राज्य सरकार ने पांच विश्वविद्यालयों के नामों में भी मामूली संशोधन किया है। इन विश्वविद्यालयों के नाम से राज्य शब्द को हटाया गया है। इनमें महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़, मां शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय सहारनपुर, मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर, मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय बलरामपुर शामिल हैं जिनमें विश्वविद्यालय से पहले राज्य शब्द लगा था। वहीं, उप्र. राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद को अब गुरु जंबेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के नाम से जाना जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दो नए निजी विश्वविद्यालयों को लेटर ऑफ इंटेंट देने का प्रस्ताव पारित होने की जानकारी साझा की। इसमें एचआरआईटी गाजियाबाद और दूसरा फ्यूचर विश्वविद्यालय बरेली है। दोनों ने सभी मानक पूरे कर लिए हैं।

एक दिन पूर्व भी रिटायर हुए तो वेतन वृद्धि

मंत्रिमंडल ने लाखों सरकारी कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए साफ कर दिया कि 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वालों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई या एक जनवरी को प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाता था। लेकिन अब उन्हें वेतन वृद्धि का लाभ उनकी पेंशन और ग्रेच्युटी में मिल सकेगा।

बुंदेलखंड के 26 प्रोजेक्ट को मंजूरी

कैबिनेट ने बुंदेलखंड क्षेत्र की 26 परियोजनाओं को भी स्वीकृति दी। इनकी कुल लागत 10858 करोड़ रुपये है। इसमें 1394 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि दो महीने में सभी परियोजनाओं को पूरा कर दिया जाएगा। आईआईटी कानपुर में स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नालॉजी बनाया जाएगा। राज्य सरकार इसके लिए हर साल 10 करोड़ रुपये देगी। शेष मदद केंद्र से आएगी। नोएडा में भी 500 बेड के अस्पताल को मंजूरी मिली, जिसका निर्माण 15 एकड़ भूमि पर किया जाएगा।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट से पारित स्थानांतरण नीति के तहत अगर समूह ग और घ के लिए 10 प्रतिशत से ऊपर स्थानांतरण करना होगा तो इसके लिए मंत्री की अनुमति आवश्यक होगी। वहीं, समूह क और ख में 20 प्रतिशत से अधिक स्थानांतरण करने की आवश्यकता होगी तो उसकी अनुमति मुख्यमंत्री से लेना जरूरी होगा। बताया कि 8 आकांक्षी जिलों और 34 जिलों के 100 आकांक्षी विकासखंडों में रिक्त पड़े पदों को भरने की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

माझी होंगे ओडिशा के नए मुख्यमंत्री

भुवनेश्वर, एजेंसी

- केवी सिंगदेव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री का पद

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे तथा केवी सिंगदेव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को भाजपा विधायक दल की करीब एक घंटे तक चली बैठक के बाद मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों के नामों की घोषणा की।

राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में यहां पार्टी विधायक दल की बैठक में शामिल हुए। उन्होंने भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में माझी के नाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि माझी के नाम का प्रस्ताव सुरमा पाढ़ी और पृथ्वीराज हरिचंदन ने रखा, जिसका बैठक में मौजूद सभी पार्टी विधायकों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि पार्टी ने सिंगदेव और परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है। शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को यहां जनता मैदान में होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे।

चंद्रबाबू आज लेंगे आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ

अमरावती। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू बुधवार को चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और बंडी संजय कुमार के साथ-साथ कई अन्य नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। राजग नेताओं के अनुरोध के बाद राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने मंगलवार को नायडू को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया।

एक नजर

ज्योति विज बनीं फिक्की की महानिदेशक

नई दिल्ली। उद्योग संगठन फिक्की ने मंगलवार को ज्योति विज को फिक्की के महानिदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की क्योंकि इस पद पर कार्यरत शैलेश पाठक ने अपने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है।

जम्मू से मां वैष्णो देवी तक हेलीकॉप्टर सेवा 18 जून से

जम्मू। जम्मू से मां वैष्णो देवी के भवन के लिए 18 जून से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होगी। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग ने सोमवार को कहा कि बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए बोर्ड ने 18 जून से जम्मू से भवन तक हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है।

इमाम की गोली मारकर हत्या, घर के पास खंडहर में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- घर की छत पर सो रहे थे मौलाना अकरम, किसी ने बाहर बुलाया फिर गोली मार दी

अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र के भैंसिया गांव में मंगलवार तड़के बड़ी मस्जिद के इमाम मौलाना अकरम (40) पुत्र आले नवी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनका शव घर के पास खंडहर में मिला। वह रामपुर जिले के थाना स्वार क्षेत्र के भूकरा मसवासी के रहने वाले थे। सुबह गोबर डालने गई महिला ने शव देखा तो शोर मचाया। इस पर गांव वाले एकत्र हो गए और पुलिस को खबर दी। थानाध्यक्ष, सीओ और एसपी सिटी मौके पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। परिजन किसी प्रकार की रंजिश से इनकार कर रहे हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक, मौलाना घर की छत पर सो रहे थे। उन्हें किसी ने घर से बाहर बुलाकर गोली मारी है। इस मामले में आजाद नगर निवासी डॉ. जैदुल ने कटघर थाने में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि मौलाना को किसने और क्यों मारा, यह वह खुद नहीं समझ पा रहे हैं। उधर, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि मौलाना का शव खंडहर में मिला है। आशंका जताई कि रात में मौलाना किसी के बुलाने पर घर से बाहर आए होंगे, इसी दौरान उन्हें गोली मारी गई होगी। उन्हें एक गोली लगी है। सीओ कटघर रुद्र कुमार सिंह ने बताया कि हत्या के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे नए सेना प्रमुख

- 30 जून को रिटायर हो रहे मनोज पांडे की लेंगे जगह

नई दिल्ली। वर्तमान में उप सेना प्रमुख के रूप में कार्यरत लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी सेना के नए प्रमुख होंगे। वे 30 जून दोपहर से अगले सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

मौजूदा सेनाध्यक्ष जनरल मनोज सी पांडे 30 जून को रिटायर हो रहे हैं। परम विशिष्ट सेवा मेडल (पीवीएसएम) और अति विशिष्ट सेवा मेडल (एवीएसएम) से सम्मानित लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने लंबे समय तक जम्मू-कश्मीर में सेवाएं दी हैं। सरकार ने 25 मई को छठवें चरण के चुनाव के बाद 26 मई को थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को एक महीने का सेवा विस्तार दिया था। इस वजह से वह 30 जून तक इस पद पर बने रहेंगे। इससे पहले वे 31 मई को रिटायर होने वाले थे।

मोदी 3.0 : मंत्रियों ने संभाला पदभार

नई दिल्ली, एजेंसी

कृषि मंत्री शिवराज चौहान को बधाई देतीं भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज।

- दायित्व संभालने के साथ किए अहम फाइलों पर हस्ताक्षर

परिवर्तन और निरंतरता का संकेत देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए केंद्र की नई सरकार ने मंगलवार को काम शुरू कर दिया। कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री कार्यभार संभालने के लिए अपने-अपने कार्यालयों में पहुंचे। मंत्रियों को विभाग आवंटित किए जाने के एक दिन बाद कई मंत्रियों ने सुबह ही कार्यभार संभाला और अहम फाइलों पर हस्ताक्षर किए।

विदेश मंत्री जयशंकर ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि 'भारत प्रथम' और 'वसुधैव कुटुम्बकम' भारतीय विदेश नीति के दो मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे। चीन के साथ सीमा मुद्दे सुलझाने की कोशिश की जाएगी। वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में लगातार दूसरी बार कामकाज संभाल लिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य के साथ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का कार्यभार भी संभाल लिया। इसी मंत्रालय में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी कार्यभार संभाला। अश्विनी वैष्णव ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री के तौर पर पदभार ग्रहण किया। उनके पास रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण विभाग भी हैं।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। हरदीप सिंह पुरी ने भी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री का कार्यभार संभाला। मनसुख मांडविया ने श्रम एवं रोजगार मंत्री का कार्यभार ग्रहण किया। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी अपने मंत्रालय में कामकाज संभाला।

कठुआ में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकी ढेर

जम्मू, एजेंसी

- छिपे आतंकियों की तलाश में व्यापक अभियान जारी

जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के गांव में मंगलवार शाम आतंकियों ने हमला किया, जिसके बाद सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। एक नागरिक भी घायल हुआ है। शेष छिपे हुए आतंकवादियों के खिलाफ पुलिस का व्यापक अभियान जारी है।

माना जा रहा कि इन आतंकियों ने सीमा पार से घुसपैठ की है। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब हाल में आतंकवादियों ने श्रद्धालुओं को शिव खोरी मंदिर से कटरा ले जा रही एक बस पर पोनी इलाके में तेरयाथ गांव के पास रविवार को गोलीबारी कर दी थी। हमले के बाद बस खाई में जा गिरी थी। इस घटना में नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 लोग जख्मी हो गए थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों ने हीरानगर सेक्टर में कूटा मोड के पास सैदा सुखल गांव पर हमला किया। इसके बाद चलाए गए तलाशी अभियान में एक आतंकवादी मारा गया। उसके पास से एक एके राइफल और एक बैग बरामद किया गया है। आतंकी की पहचान और उसके समूह का पता लगाया जा रहा है। आतंकियों की गोली से एक नागरिक बिट्टू को गंभीर चोटें आईं हैं। जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

डोडा में भी आतंकियों व सुरक्षाबलों में गोलीबारी

जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार रात सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। एडीजी आनंद जैन ने बताया कि चतरगला इलाके में 4 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की एक संयुक्त चौकी पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की। सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की तो मुठभेड़ शुरू हो गई। अंतिम सूचना तक मुठभेड़ जारी थी।

प्रियंका लड़ती तो मोदी हार जाते वाराणसी से चुनाव : राहुल

संवाददाता, रायबरेली

लोस चुनाव के बाद पहली बार रायबरेली पहुंचे राहुल-प्रियंका, राहुल बोले- रायबरेली, अमेठी से पुराना है नाता



आभार सभा को संबोधित करते राहुल गांधी और प्रियंका गांधी बाड्रा।

अमृत विचार : आभार सभा में हिस्सा लेने के लिए सांसद राहुल गांधी मंगलवार दोपहर रायबरेली पहुंचे। उनके साथ उनकी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी थीं।

लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद दोनों नेताओं का यह पहला दौरा है। भूएमऊ गेस्ट हाउस में आयोजित आभार सभा में राहुल गांधी ने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा अयोध्या सीट हार गई। न केवल अयोध्या में, बल्कि प्रधानमंत्री ने वाराणसी में भी अपनी जान बचाई है। अगर प्रियंका गांधी ने वाराणसी से चुनाव लड़ते का फैसला लिया होता तो आज भारत के प्रधानमंत्री 2-3 लाख वोटों से वाराणसी का चुनाव हार जाते। राहुल गांधी ने रायबरेली और अमेठी की जनता का आभार जताया।

राहुल गांधी ने कहा कि अमेठी में किशोरी लाल शर्मा को, रायबरेली में मुझे और उत्तर प्रदेश में इंडी गठबंधन के सांसदों को जिताया है। उन्होंने लोगों से कहा कि आपने राजनीति बदल दी है। बीजेपी और मोदी पर हमला करते हुए कहा कि जनता ने देश के प्रधानमंत्री को संदेश दिया है कि अगर उन्होंने संविधान को छुआ तो देखिये लोग उनका क्या हाल करेंगे। उन्होंने कहा कि रायबरेली से हमारा पारिवारिक रिश्ता है। राजनीति में सबसे पुराना नाता है। यह रिश्ता सबसे पहले रायबरेली और अमेठी के खेतों से शुरू हुआ था। राहुल बोले इस चुनाव में देश के किसानों और नौजवानों ने जो बदलाव किया है, आगे उसके परिणाम सार्थक होंगे। राहुल के पहुंचने से पूर्व पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर राहुल और प्रियंका का स्वागत किया।

हम आपके लिए काम करते रहेंगे : प्रियंका

आभार सभा में प्रियंका गांधी ने कहा कि रायबरेली और अमेठी के एक-एक कार्यकर्ता, नेता और आप सबको दिल से बहुत-बहुत बधाई। आपने कठिन से कठिन परिस्थिति में लड़ाई लड़ी। इस चुनाव में सबने बहुत मेहनत की। मेरे समाजवादी पार्टी के सभी साथियों ने एकजुटता दिखाकर ये चुनाव लड़ा। प्रियंका गांधी ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत थी। हमने परिणाम के लिए दिन-रात काम किया है। उन्होंने रायबरेली व अमेठी की जनता को बधाई देते हुए कहा कि मेरे बड़े भाई को जिताने के लिए रायबरेली की जनता की आभारी हूं कि आपने हमारे लिए जो उत्साह दिखाया है, उससे दोगुने उत्साह के साथ हम आपके लिए काम करते रहेंगे। आभार सभा में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, केसी वेणुगोपाल, अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय आदि मौजूद रहे।

आज का मौसम

आसमान साफ रहेगा।

42.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- माधोबाड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा शाम 6:30 बजे।
- कांग्रेस की लोकसभा धन्यवाद यात्रा दोपहर 2 बजे।

एक नजर

मेयर के निर्देश के बाद भी नहीं हटी नालों से निकाली गई सिल्ट

बरेली, अमृत विचार : शहर में नालों की सफाई के बाद निकाली गई सिल्ट अब भी उन्हीं के किनारे सड़क पर पड़ी है। पिछले दिनों मेयर उमेश गौतम ने नालों के निरीक्षण के दौरान इस पर नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द सिल्ट हटाने के निर्देश दिए थे लेकिन उनके निर्देशों का अभी तक पालन नहीं किया है। इसके अलावा शहर में कई नालों की सफाई भी नहीं हुई है। कुछ दिनों में मानसून की बारिश हो सकती है, ऐसे में नाले चोक होने से जलभराव की समस्या होगी। इस बार नालों की सफाई भी देर से शुरू हुई है लेकिन उसमें भी खानापूरी की जा रही है। इसके अलावा शहर की गलियों में भी नालियों की सफाई न होने से सड़क पर गंदगी पड़ी रहती है।

आर्य समाज अनाथालय

360 करोड़ की जमीन इसी सवाल की वजह से अंदेशों के घेरे में

बेटी बचाओ के दावे पर सबसे बड़ा सवाल- आठ साल की बच्ची से छेड़खानी करने का आरोपी प्रधान कैसे

बहन के साथ कोतवाली-चौकी के कई चक्कर काटने के बाद दर्ज हुई थी पीड़ित की रिपोर्ट, पॉक्सो के केस में भी 20 दिन में मिल गई जमानत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : आर्य समाज अनाथालय की करीब 360 करोड़ की जमीन को खुर्दबुर्द किए जाने के अंदेशों के बीच कई और सवाल उठ रहे हैं। इन्हीं में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस व्यक्ति पर अनाथालय में ही कक्षा दो में पढ़ने वाली आठ साल की बच्ची से छेड़खानी करने का आरोप लगा, वह जेल से लौटकर आखिर कैसे दोबारा अनाथालय का प्रधान बन गया। यह सवाल इसलिए और गंभीर है, क्योंकि पहले तो पुलिस छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज करने में दो महीने तक टालमटोल करती रही, पैरवी न होने से सिर्फ 20 दिन में उसे जमानत मिल गई और जेल से लौटने के बाद प्रबंध समिति के सदस्यों ने भी उसकी बहाली पर चुप्पी साध ली।

आठ साल की बच्ची से छेड़खानी का मामला अगस्त 2023 का है। यह बच्ची बड़ी बहन के साथ अनाथालय में ही रहती थी। प्रधान ओमकार आर्य के उसे अपने कक्ष में बुलाकर अश्लील हरकतें करने की बात उसने सबसे पहले अपनी बहन को ही बताई थी। उसकी बहन ने इसकी शिकायत तत्कालीन वार्डन रोली दुबे से की। रोली दुबे ने उससे लिखित शिकायत लेने के बाद घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी बीच समाजसेवी नीरज सैनी की जानकारी में मामला आया। उनके कहने पर पीड़ित बच्ची ने खुद 13 अगस्त 2023 को कोतवाली जाकर अपनी हैंडराइटिंग में लिखी तहरीर पुलिस को दी लेकिन इसके बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।

पीड़ित बच्ची को साथ लेकर उसकी बहन लगातार कोतवाली और बिहारीपुर पुलिस चौकी के चक्कर काटती रही। इसी बीच बच्ची प्रधान की अश्लील हरकतों के बारे में बच्ची से बातचीत का एक ऑडियो वायरल होने लगा। तब कहीं पुलिस इस मामले में गंभीर हुई। तत्कालीन सीओ श्वेता यादव ने बच्ची का बयान दर्ज करने के साथ अनाथालय की सीसीटीवी फुटेज चेक की। इस छानबीन में आरोपों की पुष्टि होने के बाद कहीं अनाथालय की वार्डन रोली दुबे की ओर से कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत आईपीसी की कई धाराओं के तहत 14 अक्टूबर 2023 को आरोपी ओमकार आर्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेजा था। वैसे तो पुलिस का दावा है कि उसने बच्ची से छेड़खानी के मामले में ओमकार आर्य के विरुद्ध मजबूत चार्जशीट दाखिल की थी लेकिन इस दावे की हकीकत यह है कि 03 नवंबर 2023 को 20 दिन के अंदर ओमकार आर्य को जमानत मिल गई। छेड़खानी के मामले में जेल जा चुके ओमकार आर्य के दोबारा अनाथालय के प्रधान पद पर काबिज होने का प्रबंध समिति में भी किसी ने विरोध नहीं किया।

इसी के साथ 42 बीघा जमीन पर चल रहे आर्य समाज अनाथालय को बंद कर उसकी जगह गुरुकुल बनाने की योजना पर क्रियान्वयन की रफ्तार और तेज हो गई। कई बच्चों और कर्मचारियों के साथ रिपोर्ट लिखाने वाली वार्डन रोली दुबे को सबसे पहले निकालकर बाहर कर दिया गया।

- जमानत पर छूटकर फिर काबिज हो गया पद पर, समिति ने नहीं किया विरोध
- जेल से बाहर आते ही तेज हुआ अनाथालय बंद करने की योजना पर क्रियान्वयन

मामला 360 करोड़ की जमीन का... बजट के इंतजाम के बिना ही अनाथालय बंद कर बनाने चले गुरुकुल

कानून न विधान... अनाथालय बंद कर रहे हैं प्रधान

किसी को नहीं पता, पद के पीछे कौन... कब्जा क्या

कैसे मानें साफ है नीयत... 360 करोड़ की जमीन के बारे में फैसला और कोई प्रस्ताव तक नहीं

इतनी जल्दी जमानत मतलब पैरवी की कमी

पॉक्सो एक्ट में 20 दिन के अंदर जमानत का साफ मतलब है कि मजबूती से पैरवी नहीं की गई। ऐसे केस में रिपोर्ट दर्ज कराने वाले और जांच अधिकारी समेत कुल पांच लोगों के अदालत में बयान होते हैं। दुष्कर्म जैसे आरोप में एक-डेढ़ साल तक आसानी से जमानत नही मिलती। अगर छेड़छाड़ का मामला हो, तब भी कायदे से पैरवी करने पर आरोपी को जल्द जमानत मिलना मुश्किल हो जाता है। **- अजय कुमार निर्मोही**, फौजदारी के अधिवक्ता

लड़कियों लिखो-अनाथालय में सुरक्षा की जिम्मेदारी तुम्हारी खुद की होगी

बरेली, अमृत विचार : आर्य समाज अनाथालय में बाकी बची तीन लड़कियों को 30 जून तक बाहर निकालने के लिए उनसे जो एग्रीमेंट कराया गया है, उसकी भाषा और शर्तें भी काफी आपत्तिजनक है। इस एग्रीमेंट में लड़कियों को संवासी के बजाय अस्थाई कर्मचारी दिखाया गया है। उनसे लिखवाया गया है कि अनाथालय में रहने तक वे अपनी सुरक्षा की खुद जिम्मेदार होंगी और प्रबंधन उनका कोई खर्च देने के लिए भी बाध्य नहीं होगा। एग्रीमेंट में दिखाया गया है कि प्रबंधन ने कथित अस्थाई कर्मचारी लड़कियों को 29 फरवरी 2024 को कार्यमुक्त कर दिया है जो उन्होंने स्वीकार कर लिया है। दूसरे बिंदु में लड़कियों की ओर से यह कहते हुए कुछ समय के लिए अनाथालय में रहने की इजाजत मांगी गई है कि उनके पास अभी आवास की व्यवस्था नहीं है। कहा गया है कि यह इजाजत अनुग्रह के तौर पर दी जा रही है और इस पर उनका कोई अधिकार नहीं है। तय तिथि के बाद यह अनुमति स्वतः समाप्त हो जाएगी और वे अनाथालय के आवास खाली कर देंगी। प्रबंधन की ओर से कोई धनराशि इस बीच उन्हें देय नहीं होगी।

- **अनाथालय में रह रही लड़कियों को अस्थाई कर्मचारी दिखाकर कराया गया एग्रीमेंट**

एग्रीमेंट में यह भी बाध्यता लागू की गई है कि लड़कियों को अपना व्यवहार और रहन-सहन कमेटी के प्रधान, मंत्री और पदाधिकारियों के निर्देशों के मुताबिक रखना होगा। अनाथालय के बालिका वर्ग में चल रहे पुनर्निर्माण के काम और इसके लिए बाहरी लोगों के आने-जाने पर वे कोई आपत्ति नहीं करेंगी। उनकी सुरक्षा और खर्च की जिम्मेदारी भी पूरी तरह उन्हीं की होगी।

राज्यरानी निरस्त होने से लखनऊ जाने वाले यात्रियों ने खाए धक्के

बरेली, अमृत विचार : लखनऊ जंक्शन-मानकनगर और ऐशबाग-मानकनगर रेल खंड के बीच लाइन पर प्री-नॉन इंटरलॉक और नॉन इंटरलॉक कार्य की वजह से ब्लॉक लेने से कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। इसकी वजह से 22453 लखनऊ जंक्शन-मेरठ सिटी राज्यरानी एक्सप्रेस और 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ जंक्शन राज्यरानी एक्सप्रेस का संचालन 14 जून तक निरस्त है। राज्यरानी एक्सप्रेस के निरस्त होने से बरेली से लखनऊ जाने वाले यात्रियों को अधिक परेशानी हुई।

यात्रियों को अवध असम एक्सप्रेस और सियालदह एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों का इंतजार करना पड़ा। यह ट्रेनें काफी देरी से पहुंची। कुछ यात्री त्रिवेणी एक्सप्रेस से गए। ब्लॉक की वजह से मंगलवार को 13152 सियालदह एक्सप्रेस लगभग 2 घंटा 50 मिनट और 15910 अवध असम एक्सप्रेस 1 घंटा 41 मिनट लेट हो गईं। इसके अलावा 13307 गंगा सतलुज एक घंटा, 12203 गरीब रथ एक्सप्रेस 7 घंटा 33 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। इसके अलावा भी कई ट्रेनें घंटों लेट थीं।

जाने किस बात से चिढ़े हैं... मोहल्लों की सड़कों जैसा हाल कर दिया स्मार्ट सिटी की फैंसी लाइटों का

स्मार्ट सिटी में करोड़ों की लागत से लगाई गई फैंसी लाइटों की हालत देखने लायक है। पार्कों में लगी तमाम महंगी लाइटों को पत्थर मारकर उसी हालत में पहुंचा दिया गया है, जैसा हाल मोहल्लों की सड़कों का है। टूटफूट के बाद ये लाइटें इन सड़कों से मैच करने लगी हैं और काफी समय से ऐसे ही पड़ी हैं। यहां छाए रहने वाले अंधेरे ने स्मार्ट सिटी के सपने देखने के लिए और भी माफिक माहौल बना दिया है। इन्हीं लाइटों में साल भर पहले लाखों खर्च कर सीआई पार्क में लगाई गई लाइटें भी हैं जिनमें पक्षियों ने घोसला बनाना शुरू कर दिया है। ● मोहित कुमार सिंह

सूरज के प्रचंड ताप को नहीं रोक पाए बादल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : दिन के साथ रात के तापमान में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान एक दिन में 5.3 डिग्री की बढ़त के साथ 29.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं दिन में बादल छाए रहने के बावजूद तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में लू चलने से लोग परेशान हो गए।

मौसम विभाग ने गुरुवार से शनिवार तक हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तापमान 43 से 45 डिग्री के आसपास रहने का पूर्वानुमान है। जिले में मंगलवार दिन का तापमान सामान्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इस दौरान हवा में नमी सुबह 39 प्रतिशत और शाम को 21 प्रतिशत दर्ज की गई।

- **अधिकतम तापमान 43.3 और न्यूनतम 29.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया**

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह के मुताबिक मानसून की आहट के चलते जिले में दिनभर बादल छाए रहे। वर्तमान पारिस्थितिक स्थितियों के अनुसार अभी बारिश नहीं होने का पूर्वानुमान है। वहीं 13-15 जून तक जिले में हीट वेव का अलर्ट है।

लू की चपेट में आने वाले मरीजों का तुरंत करें इलाज

बरेली, अमृत विचार : जिले में लू के अलर्ट के बाद जिला अस्पताल के डॉक्टरों को एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि लू की चपेट में आने वाले मरीज का तुरंत इलाज किया जाए। उन्होंने इमरजेंसी में तैनात ईएमओ को आदेश दिया कि हीट स्ट्रोक के लक्षण वाले मरीजों को भर्ती किया जाए। वहीं अगर किसी मरीज में हीट स्ट्रोक की पुष्टि होती है तो उसे कोल्ड रूम वार्ड में शिफ्ट कर इलाज शुरू करें।

मलूकपुर की जर्जर सड़क, पांच साल से इंतजार है मरम्मत का

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: मलूकपुर बजरिया से जसौली टक्कर की पुलिया तक जाने वाली सड़क बुरी तरह जर्जर हो चुकी है। करीब साल से इस समस्या से जूझ रहे लोग लगातार सड़क की मरम्मत के लिए नगर निगम के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन कोई सुन ही नहीं रहा। लोगों का कहना है कि जलभराव वाले क्षेत्र में अभी से यह सड़क कीचड़ से अटी हुई है। बरसात में इस पर गुजरना मुश्किल हो जाएगा।

दिलचस्प यह है कि यह सड़क नगर निगम के वार्ड 74, 44 और 56 से गुजरती है लेकिन फिर भी कोई पार्षद इसकी सुध नहीं ले रहा है। मलूकपुर बजरिया से जसौली टक्कर की पुलिया तक इसक करीब 500 मीटर की लंबाई है। सड़क पुर मलूकपुर नाला, कुंवरपुर, घेरशेख मिट्ठू, रेती, जखीरा, जसौली के हजारों लोगों का रोज आना-जाना होता है। पांच बरसों से यह सड़क बेशुमार गड्ढों से भरी हुई है और कई जगह बुरी तरह उधड़ चुकी हैं। लोगों का कहना है कि कुछ दिनों में बारिश शुरू हो जाएगी। इस इलाके में बरसात के दौरान काफी जलभराव होता है। सड़क पर कीचड़ भी इकट्ठा हो जाता है। अभी से लोग ठोकरें खाकर या फिसलकर चोटिल हो जाते हैं। बारिश के दौरान यह मुश्किल और बढ़ जाएगी। ताज खान ने बताया कि सड़क जर्जर होने के साथ नालियां भी टूटी हुई हैं। मस्जिद के पास हालत काफी बदतर हो चुकी है। कई बार सड़क बनवाने की मांग नगर निगम से की जा चुकी है। हाजी साकिब रजा, खां, डॉ. सीताराम राजपूत, बिलाल खान, दानिश खान, शान अहमद रजा, मोहम्मद कासिम ने बताया कि वे लोग कई बार शिकायत कर चुके हैं। जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी वारसी ने नगर निगम के अधिकारियों से सड़क ठीक कराने की मांग की है।

मलूकपुर में मस्जिद के पास पांच साल से बदहाल पड़ी सड़क। ● अमृत विचार

- **अभी से भरा है नालियों का कीचड़, बरसात में बुरा हाल होने की आशंका**
- **लोगों का आरोप, अफसरों से लगातार शिकायतों के बाद भी निदान नहीं**

सिविल लाइंस में सीवर लाइन डालने के लिए फिर खोदाई

स्टेशन रोड पर सीवर लाइन डालने के लिए की जा रही खोदाई। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **10 दिन तक चलेगा काम, बारिश हुई तो हो सकती है परेशानी**

अमृत विचार : शहर में सीवर लाइन डालने के लिए सड़क खोदाई फिर शुरू हो गई है। सिविल लाइंस में 10 दिन तक सीवर लाइन डालने का काम होगा। ऐसे में यदि बारिश हुई तो परेशानी हो सकती है।

स्टेशन रोड पर चौबेजी वाली गली सुभाष नगर थाने के पास निकलती है। जल निगम ने इस गली में सीवर लाइन डालने के लिए खोदाई शुरू की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में जगह-जगह हुई खोदाई से अभी निजात मिली थी कि अब गलियों की खोदाई शुरू कर दी गई। रात में गली में कुछ पोल पर स्ट्रीट लाइट नहीं जलती हैं, ऐसे में यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी। ऐसे में यदि बरसात शुरू हो जाए तो गड्ढों में पानी भर जाएगा और यह गड्ढे काफी दिन तक भरे नहीं जा सकेंगे और सड़क उबड़-खाबड़ हो जाएगी।

गली में खोदाई की जाएगी तो वहां निकलने में असुविधा हो जाएगी। जल निगम के अफसरों का कहना है कि सीवर लाइन डालने का दस दिन तक काम चलेगा।

छावनी क्षेत्र में अवैध निर्माण हटाया

बरेली, अमृत विचार : छावनी परिषद की टीम ने मंगलवार को सदर बाजार स्थित सरकारी जमीन से अवैध निर्माण हटाया। टीम ने अब्दुल वाहिद, सुभाष, अतीक और बाबू की ओर से किए गए अतिक्रमण को हटाया। टीम ने 196 वर्ग मीटर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान सफाई अधीक्षक दीप कुमार, सफाई निरीक्षक मनोज तिवारी, जेई मनोज यादव, भूमि लिपिक अभिषेक कुमार, मार्केटिंग इंस्पेक्टर मो. इस्माइल और सूर्य प्रकाश मौजूद रहे।

शहरी क्षेत्र में बिजली कनेक्शन अब तीन दिन में

बरेली, अमृत विचार : बिजली विभाग ने शहरी क्षेत्र में झटपट पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने के बाद तीन दिन में ही कनेक्शन देने के निर्देश दिए हैं। अब तक आवेदन के सात दिन में कनेक्शन देने का नियम था। इसके अलावा ग्रामीण और नगर पालिका क्षेत्र में भी नया कनेक्शन करने की समय-सीमा निर्धारित कर दी गई है। प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने निर्देश दिए कि झटपट पोर्टल पर कनेक्शन के लिए आवेदन करने के बाद तीन दिन में अधिकारी रिपोर्ट लगाएं। इसके अलावा नगरपालिका क्षेत्रों में सात दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिन से अधिक समय न लें। अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने बताया कि मुख्यालय के निर्देशों का पालन कराया जाएगा। नए निर्देशों की जेई और एसडीओ को जानकारी दे दी गई है।

मेट्रो : दोनों कॉरिडोर और डिपो के लिए विभागों से एनओसी लेने का आदेश

लंबे समय बाद अफसरों ने फिर शुरू की शहर में मेट्रो दौड़ाने की तैयारी, कमिश्नर की अध्यक्षता में हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : लंबे समय बाद एक बार फिर शहर में मेट्रो दौड़ाने के लिए अफसरों ने कवायद शुरू कर दी है। मंगलवार को कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में मेट्रो लाइट परियोजना की एएआर और डीपीआर तैयार करने का फैसला हुआ। सभी विभागों के अधिकारियों की प्राथमिक सहमति के बाद कमिश्नर ने दोनों प्रस्तावित कॉरिडोर और मेट्रो के डिपो के लिए संबंधित विभागों से एनओसी लेने का आदेश दिया। दोनों कॉरिडोर बनाने में करीब पांच हजार करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है।

कमिश्नरी सभागार में मेट्रो के कॉरिडोरों के निर्धारण को अंतिम रूप देने के लिए राइट्स और यूएमटीसी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। कंपनी की ओर से मेट्रो लाइट परियोजना के पहले चरण के लिए सीएमपी डाटा के आधार पर दो कॉरिडोर प्रस्तावित किए गए। बताया गया कि पहला रूट रेलवे जंक्शन, चौकी चौराहा, सेटेलाइट बस स्टैंड होते हुए रुहेलखंड यूनिवर्सिटी, फन सिटी बैरियर-2 तक होगा जिसकी लंबाई 12 किमी है। दूसरा कॉरिडोर चौकी चौराहा, अयूब खां चौराहा होते हुए कुतुबखाना चौराहा और कोहाड़ापीर तिराहा, डेलापीर तिराहा और बैरियर-2 तिराहा होते हुए प्रस्तावित किया गया है। इसकी लंबाई 9.50 किमी. है।

शहर में मेट्रो चलाने के लिए हुई बैठक में कमिश्नर और अन्य अधिकारी।

बताया गया कि प्रस्तावित मेट्रो लाइट परियोजना की एएआर और डीपीआर तैयार करने के लिए राइट्स लिमिटेड को कंसलटेंट एजेंसी नियुक्त किया गया है। कंपनी की ओर से कॉम्प्रहेन्सिव मोबिलिटी प्लान (सीएमपी) के डाटा के आधार पर कॉरिडोर प्रस्तावित किया गया है। बैठक में दोनों कॉरिडोर पर सभी विभागों के अधिकारियों की ओर से प्राथमिक रूप से सहमति दे दी गई। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने इसके बाद दोनों प्रस्तावित कॉरिडोर के लिए संबंधित विभागों से एनओसी लेने का आदेश दिया गया। मेट्रो का डिपो बनाने के लिए भी प्रस्तावित जमीन पर वन विभाग, एयरफोर्स, लोक निर्माण विभाग और यूनिवर्सिटी से एनओसी लेने को कहा।

- **मेट्रो लाइट परियोजना की एएआर और डीपीआर तैयार करने पर बनी सहमति**



- **राइट्स कंसल्टेंट एजेंसी, दोनों कॉरिडोर पर पांच हजार करोड़ की आएगी लागत**

बैठक में बताया गया कि दोनों कॉरिडोर पर एएआर रिपोर्ट के आधार पर मेट्रो के स्वरूप का निर्धारण किया जाएगा। बैठक में बीडीए सचिव योगेंद्र कुमार, डीएफओ दीक्षा भंडारी, एसपी ट्रैफिक शिवराज सिंह कई और विभागों के अफसर मौजूद रहे।

दूसरे चरण में दो और कॉरिडोर बनाने की योजना

पहले चरण के लिए प्रस्तावित दोनों कॉरिडोर के अलावा भविष्य में दूसरे चरण की योजना पर भी बैठक में बात की गई। दूसरे चरण में एक कॉरिडोर चौकी चौराहे से रामपुर रोड पर सीबीगंज तक और दूसरा रेलवे जक्शंन से बदायूं रोड पर साउथ सिटी मोड़ किया जाना प्रस्तावित है।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

PLACEMENT WITH 12-18 LACS CTC IS HABIT HERE
FUTURE
Learn · Assimilate · Transcend
BAREILLY
ADMISSIONS OPEN
B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm.
BAMS • BBA • BCA • ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed
Polytechnic • B.Sc. (Nursing) • Diploma in X-Ray Tech./ OT Tech./ Optometry
Bareilly office: D-46, 2nd Floor, Butlar Plaza Ph.: 9012313333
Aonla : Pragati Nagar Gate, Shahbad Road. Ph.: 9105050471
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 9917480040 | www.futureinstitutions.org

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN
D.Pharma | M.Ed.
D.M.L.T. | B.Ed
FREE CLASSES FOR CNET - 2024
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420



हमारे पार्षद..! शहर प्यास से तड़पता रहा तो कान पर जूं नहीं रेंगी, अपना एसी बंद हुआ तो सिर पर उठा लिया नगर निगम

मीटिंग हॉल में की जमकर नारेबाजी और हंगामा, निर्माण विभाग के अफसरों पर लगाए समस्याओं की अनदेखी के आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कभी कहा गया था कि जनप्रतिनिधि वीआईपी संस्कृति से दूर रहेंगे लेकिन कम से कम बरेली नगर निगम में तो ऐसा नहीं है। कुछ ही दिन पहले की बात है जब प्रचंड गर्मी में शहर के कई इलाकों में लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा था। नगर निगम में रोज-रोज प्रदर्शन हो रहे थे लेकिन इसके बाद भी कोई पार्षद इस संकट पर उस तरह नहीं बिफरा, जैसे मंगलवार को उपसभापति कक्ष के एसी और पंखे न चलने पर आपा खो बैठे।

कई पार्षद मंगलवार दोपहर नगर निगम पहुंचे और मीटिंग हॉल में नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पार्षद छंगामल मौर्य, अलीम खां सलीम पटवारी और नीरज ने आरोप लगाया कि कई दिनों से उपसभापति कक्ष का एसी और पंखे बंद पड़े हैं। भीषण गर्मी की वजह से इससे पार्षदों के साथ यहां आने वाले फरियादियों को काफी परेशानी हो रही है। कुछ दिनों पहले मेयर और नगर आयुक्त को इसके बारे में जानकारी दी गई थी। लेकिन इसके बाद भी अब तक एसी और पंखे चालू नहीं हुए हैं।

पार्षदों ने आरोप लगाया कि मेयर और नगर आयुक्त को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया था कि निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता दिलीप कुमार शुक्ला से वे लोग शिकायत कर चुके हैं लेकिन इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। यह मनमानी की हद है। पार्षदों ने कहा कि अब जब तक इस समस्या का निदान नहीं हो जाता, तब तक वे लोग मीटिंग हॉल नहीं छोड़ेंगे। यहीं पर रोज लोगों की फरियाद सुनेंगे।

पार्षदों का नगर निगम के अफसरों के खिलाफ यह आक्रामक रवैया काफी समय बाद दिखाई दिया। प्रचंड गर्मी होने के बाद भी कुछ दिन पहले तक शहर के तमाम इलाकों में पीने के पानी का भीषण संकट बना हुआ था लेकिन तब किसी पार्षद ने अफसरों के खिलाफ ऐसा रवैया नहीं दिखाया। आखिरकार लोगों को खुद ही नगर निगम के खिलाफ मोर्चा संभालना पड़ा। पेयजल संकट से प्रभावित इलाकों के लोगों ने लगभग सप्ताह भर तक रोज नगर निगम आकर प्रदर्शन किया, तब कहीं कुछ इलाकों में अफसरों ने समस्या की सुध ली।

शहर के लोगों के प्रदर्शन के दौरान एक-दो इलाके के पार्षद उनके साथ नगर निगम पहुंचे तो लेकिन औपचारिक तौर पर शिकायत करके लौट गए। शहर में संकट किस कदर था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दो जून को एक ही दिन में शहर के खुर्रम गौटिया, माधोबाड़ी, जाटवपुरा और सूफी टोला समेत कई इलाकों के लोगों ने नगर निगम आकर प्रदर्शन किया था।

निर्माण विभाग पर मेयर की पहले ही टेढ़ी नजर, अब पार्षदों ने मोर्चा खोला

निर्माण विभाग पर मेयर उमेश गौतम की पहले ही नजर टेढ़ी है। कुछ ही दिन पहले उन्होंने बैठक के दौरान निर्माण विभाग के अधिकारियों पर आदेश न मानने को लेकर कड़ी नाराजगी जताई थी। उनके निर्देश पर एक्सईएन डीके शुक्ला से दो जोन का कार्यभार लेकर पर्यावरण अभियंता को भी दिया जा चुका है। अब निर्माण विभाग के खिलाफ पार्षदों ने भी मोर्चा खोल दिया है। हंगामे के दौरान उन्होंने आरोपलगाया कि निर्माण विभाग के अफसर समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं जिसकी वजह से शहर के लोगों में गुस्सा बढ़ रहा है।

नगर निगम में पार्षदों का हंगामा।

पिता पर तमंचा तानकर बेटे ने मांगे दो लाख रुपये

बरेली, अमृत विचार : थाना किला क्षेत्र में बेटे ने पिता के सीने पर तमंचा तानकर दो लाख रुपयों की मांग की। रुपये न देने पर पिता और मां को जान से मारने की धमकी दी। पिता ने बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

किला छावनी निवासी राशिद के मुताबिक उनका बेटा समीर अक्सर शराब पीकर उनसे और अपनी मां से मारपीट करता है। कहता है कि किसी दिन सोते समय मुंह पर तकिया रखकर दोनों की हत्या कर देगा या फिर खुद को खत्म करके उनकी जिंदगी बर्बाद कर देगा। वह गलत औरतों की संगत में पड़ गया है।

7 जून को समीर तमंचा लेकर घर पहुंचा और सीने पर रखकर दो लाख रुपये की मांग करने लगा। रुपये न देने पर हत्या करने की धमकी देकर मारपीट की। किसी तरह पत्नी के साथ वहां से भागकर उन्होंने अपनी जान बचाई। एसएसपी के आदेश पर समीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

छात्रा से की छेड़खानी भीड़ ने आरोपी को पकड़ा

फरीदपुर, अमृत विचार : कोचिंग से घर जा रही छात्रा से युवक ने छेड़छाड़ की। भीड़ ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। छात्रा के परिजनों ने एक नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। छात्रा के परिजनों ने बताया कि मोहल्ले का युवक उसका पीछा कर अश्लील इशारे करता है। छात्रा के विरोध पर उसे उठा ले जाने की धमकी देता था। मंगलवार को छात्रा घर लौट रही थी, तभी आरोपी अपने दो साथियों के साथ उसका पीछा करने के साथ छेड़खानी करने लगा।

भरतौल के दो ट्रांसफार्मरों में आग लगने से 20 घंटे नहीं आई बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : भरतौल गांव में सोमवार रात दो ट्रांसफार्मरों में आग लगने से 20 घंटे तक बिजली संकट रहा। मंगलवार की देर शाम दूसरे ट्रांसफार्मर लगवाकर बिजली आपूर्ति को बहाल किया गया। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में ट्रिपिंग और लोकल फाल्ट से लोग परेशान हुए।

भरतौल गांव में सोमवार रात करीब 11 बजे दो ट्रांसफार्मरों में आग लग गई। आग की लपटें तेज होने पर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। गांव के लोगों ने फायर बिग्रेड के साथ पुलिस और बिजली विभाग को सूचना दी। आधे घंटे के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग की चपेट में आकर 250 केवीए और 25 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया, जिससे मंगलवार की देर शाम तक क्षेत्र में बिजली का संकट बना रहा।

ट्रांसफार्मर में लगी आग। ● अमृत विचार

- सोमवार रात एक के बाद एक दोनों ट्रांसफार्मर में लगी आग
- शहर के दूसरे इलाकों में भी ट्रिपिंग और कटौती से दिक्कत

भरतौल गांव में चिंगारी निकलने से दो ट्रांसफार्मर में आग लग गई थी। दूसरे ट्रांसफार्मर लगवाकर बिजली आपूर्ति को बहाल करा दिया गया।
–**अमित सक्सेना**, एसडीओ नकटिया

लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग ने भी किया परेशान

सुभाषनगर क्षेत्र की राजीव नगर कॉलोनी में बंच केबल में आग लगने से आपूर्ति बाधित रही। किला के बाकरगंज, मलूकपुर और गढ़ी चौकी आदि क्षेत्र में भी लो वोल्टेज से लोग परेशान हुए। इसके अलावा सिविल लाइंस की आवास विकास कॉलोनी में भी मंगलवार दोपहर 1 से 2 बजे तक लोकल फाल्ट की वजह से बिजली गुल रही। वहीं चौपुला कुतुबखाना रोड पर दिन में कई बार ट्रिपिंग की गई। सेटेलाइट और आजादनगर के साथ पीलीभीत बाईपास पर भी बिजली का आना जाना लगा रहा।

115 आंगनबाड़ी केंद्रों पर आधे से भी कम कार्यकर्ता

बरेली, अमृत विचार : लंबे समय से जिले में आंगनबाड़ी में कर्मचारियों की कमी है। नगर क्षेत्र में 115 आंगनबाड़ी केंद्रों पर 51 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कार्य कर रही हैं। इससे पोषाहार वितरण में अनियमितता की स्थिति बनी हुई है।

फीडिंग के हिसाब से गर्भवतियों, गर्भधात्रियों व तीन से छह साल तक के बच्चों को पोषाहार वितरण किया जा रहा है। इसमें भी कई लोग छूट जाते हैं। इसकी वजह एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर तीन केंद्रों का भार बताया जा रहा है। डीपीओ मनोज कुमार ने बताया कि निदेशालय के स्तर से भर्तियां भी निकाली गयी थीं। आचार संहिता के कारण यह प्रक्रिया सुस्त पड़ गयी थी। इस समय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आवश्यकता से आधी हैं, इसलिए समस्याएं मिल रही हैं।

आरोप..! वोट नहीं दिए तो बेगानी हो गई बिरादरी

आंवला में अनुसूचित जाति के लिए बने आवास दिए थे मुस्लिमों को, अब करा रहे हैं खाली

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : बिरादरी के जिन मुस्लिम परिवारों को अनुसूचित जाति के लिए बने आसरा आवास में बसाकर आंवला के चेयरमैन सय्यद आबिद अली कई सवालों से घिर गए थे, वह अब उन आवासों को खाली कराने का फरमान देकर फिर सवालों में घिर गए हैं। इन आवासों में रह रही महिलाओं ने आरोप लगाया है कि चुनाव में बसपा के बजाय सपा को वोट देने से नाराज चेयरमैन उनसे आवास खाली करने को कह रहे हैं। आबिद बसपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़े थे और हार गए थे।

कस्बे में बने इन आसरा आवासों में रह रहे छह परिवारों की महिलाओं ने मंगलवार को एसडीएम के पास पहुंचकर शिकायत की कि उन्हें 15 दिन में आवास खाली करने की चेतावनी दी गई है। उन्होंने एसडीएम से इस पर रोक लगाने की फरियाद की। इससे पहले कस्बे के विशंभर दयाल ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी कि ताड़गंज में आसरा आवास अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं लेकिन चेयरमैन ने उन्हें अपात्रों को आवंटित कर दिया है। इस मामले में तत्कालीन एसडीएम गोविंद मौर्य ने जांच की थी। उन्होंने भी माना था कि आसरा आवास में कुछ लोग बगैर आवंटन के ही रह रहे हैं। हालांकि इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

उधर, मंगलवार को एसडीएम के पास फरियाद लेकर पहुंची मुस्लिम महिलाओं ने बताया कि दो साल पहले उन्हें ताड़गंज मोहल्ले में बने आसरा आवास आवंटित किए गए थे। सोमवार शाम करीब चार बजे नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने 15 दिन में मकान खाली करने को कहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों ने यह भी कहा कि उन लोगों ने लोकसभा चुनाव में चेयरमैन को वोट देने के बजाय सपा को दिया है। महिलाओं ने मकान खाली करने से रोकने की मांग की है। महिलाओं में राशिदा, शाइन, शबनम, नगमा, मुन्नी, हिना आदि शामिल थीं। बता दें कि आंवला में 96 आसरा आवास बने हैं जिनमें 32 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित थे। पूर्व चेयरमैन संजीव सक्सेना ने 13 अनुसूचित जाति के आवेदन अधिकारियों को भेजे थे जो अब स्वीकृत होकर आ गए हैं।

एसडीम से आवास न खाली कराने की फरियाद करने पहुंचीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- महिलाओं का आरोप, सपा को वोट दिया तो बदल गई चेयरमैन की नजर
- बसपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़कर हारे हैं सय्यद आबिद अली

बारिश के मौसम में कुछ लोगों को अनुसूचित जाति की सूची आने तक आवासों में रहने की अनुमति दे दी थी। इनमें किसी को आवास आवंटित नहीं हैं। अनुसूचित जाति के 13 लोगों की डूडा से सूची आ गई है। अब फर्जी तरीके से रह रहे लोगों को 15 दिन में आवास खाली करने को कहा है। उनके आरोप निराधार हैं।
– **सय्यद आबिद अली**, चेयरमैन आंवला

सिर्फ14 दिन का सफर... प्रेम, विवाह और पुलिस तक

बरेली, अमृत विचार : प्रेम विवाह किये अभी मात्र 14 दिन ही हुये थे। हाथों की मेहंदी भी फीकी न पड़ी थी, पर उनके रिश्ते पर चढ़ा प्यार का रंग फीका पड़ गया।

रुपयों को लेकर हुए विवाद में दोनों का रिश्ता दो सप्ताह में ही दरकने लगा। स्थिति यह हुई कि युवक ने पत्नी को साथ रखने से इनकार कर दिया। इस पर अब वह परामर्श केंद्र के चक्कर काट रही है। मामला सुभाषनगर थाना क्षेत्र का है। युवक निजी कंपनी में काम करता है। उसकी मुलाकात पड़ोस की कॉलोनी निवासी युवती से हुई। दोस्ती के बाद दोनों में फोन पर बातें होने लगीं। धीरे-धीरे उनकी दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गयी। परिवार की सहमति से 30 मई को दोनों का विवाह भी हो गया। बताते हैं कि शादी के एक सप्ताह बाद दोनों में रुपयों को लेकर विवाद हुआ। झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक साल का प्यार महज 14 दिनों में कमजोर पड़ गया।

पत्नी की विदा के बाद पति ने उसे साथ रखने से इन्कार कर दिया। महिला अब पति के साथ रहने के लिए पुलिस लाइन स्थित परामर्श केंद्र के चक्कर काट रही है। काउंसलर ने बताया कि परामर्श केंद्र पर अब तक यह पहला ऐसा मामला आया है, जिसमें 14 दिनों के अंदर ही रिश्ते में दरार आ गई। दोनों में रुपयों को लेकर विवाद हुआ था। महिला की शिकायत के बाद पति को भी परामर्श केंद्र बुलाया गया है।

- पति ने किया पत्नी को साथ रखने से इन्कार, परामर्श केंद्र के चक्कर काट रही महिला

पैथोलॉजिस्ट की ड्यूटी ओपीडी में होने से जांचें प्रभावित

बरेली, अमृत विचार : तीन सौ बेड अस्पताल में पैथोलॉजिस्ट की ड्यूटी दो महीने से ओपीडी में लगाने से जांचें प्रभावित हो रही हैं। वहीं छह महीने से रिजेंट की कमी से भी परेशानी हो रही है। पैथोलॉजी में रिजेंट नहीं होने से जांच सैंपल जिला अस्पताल भेजे जाते हैं। प्रभारी सीएमएस ने पैथोलॉजिस्ट की ड्यूटी ओपीडी में मरीज देखने के लिए लगा दी है। ऐसे में सुबह 8 से 2 बजे तक सौ मरीज देखने के बाद लैब में काम देखने का समय कम पड़ जाता है। इसकी वजह से जांचें प्रभावित होती हैं। लैब प्रबंधन ने प्रभारी सीएमएस को कई बार मरीजों की सैंपलिंग प्रभावित होने के लिए बार पत्र लिखा लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

साक्षी-अजितेश पर पांच लाख की रंगदारी मांगने की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसएसपी के आदेश पर सुभाषनगर पुलिस ने की कार्रवाई

अमृत विचार : पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में महिला और उसके पति के खिलाफ एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुरम कॉलोनी निवासी आर्येंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि वह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं। आरोप है कि फेसबुक पर वीरसावरकर नगर निवासी साक्षी मिश्रा लगातार लम्बे समय से जातिगत उन्माद पैदा करने के उद्देश्य से पोस्ट व वीडियो डाल रही थीं। आरोप है कि सात जून को आर्येंद्र की पत्नी ने समझाने के उद्देश्य से वीडियो पर दो कमेंट कर दिए। इससे नाराज होकर उक्त महिला ने दोनों के परिवार के लोगों के फोटो फेसबुक पर डाल दिए और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगीं।

आर्येंद्र के अनुसार वह अपने एक मित्र के साथ उसके घर वीरसावरकर नगर गये। साक्षी व उसका पति अजितेश चौराहे के पास खड़े मिल गये। उन लोगों से उन्होंने इस प्रकार के आचरण की शिकायत की तो आरोप है कि अजितेश ने पांच लाख रुपये की मांग की। धमकी भी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो पूरे परिवार का वीडियो डालकर बदनाम कर देंगे। एसएसपी के आदेश पर दोनों के खिलाफ रंगदारी मांगने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

अब नहीं होगी दिक्कत पहले बंटेगा राशन फिर होगा सत्यापन

सर्वर में दिक्कत की वजह से राशन लेने के लिए लाइन में लगे लोग। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार: राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 8 जून को वितरण शुरू होने के बाद से लगातार तीसरे दिन लोगों को राशन नहीं मिल पाया। तीन दिन तक राशन नहीं मिलने के कारण कार्डधारक परेशान रहे। लाभार्थियों को बताया गया कि सत्यापन और राशन वितरण एक साथ होने से सर्वर पर अधिक लोड था, जिसकी वजह से वितरण ठप पड़ गया था। अब पूर्ति विभाग ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। प्राथमिकता के आधार पर राशन बांटने के निर्देश कोटेदारों को दिए गए हैं। वितरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद सत्यापन शुरू कराया जाएगा।

दरअसल तीन दिनों से ठप चल रही राशन वितरण की प्रक्रिया मंगलवार को पटरी पर लौटती नजर आई। पूर्ति विभाग की तरफ से निर्देश मिलने के बाद कोटेदारों ने कार्डधारकों को मोबाइल पर संदेश भेजकर राशन लेने को कहा। इसके बाद पुराना शहर, सिकलापुर, जाटवपुरा, ब्रह्मपुरा, शाहबाद, जगतपुर, सुभाषनगर, चक महमूद आदि इलाकों में राशन लेने के लिए कार्डधारकों की भीड़ जमा हो गई। इससे पहले रविवार तक महज 3.50 फीसदी और सोमवार तक 4.60 फीसदी वितरण हो पाया था। मंगलवार को स्थिति थोड़ी सुधरी और 15 प्रतिशत के आसपास वितरण हुआ। जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि फिलहाल कोटेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि वो प्राथमिकता के आधार पर राशन का वितरण करें। 25 जून तक खाद्यान्न का वितरण किया जाना है, जबकि 30 जून तक लाभार्थियों के सत्यापन की अंतिम तिथि है। जिले भर में लगभग 32 लाख से अधिक लाभार्थियों का सत्यापन किया जाना है।

- तीन दिन से सर्वर ठप होने के कारण नहीं मिल पा रहा था राशन

कुतुबखाना पुल के नीचे फिर भिड़े दुकानदार और फड़ वाले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: कुतुबखाना पुल के नीचे मंगलवार को फड़ लगाने को लेकर जमकर हंगामा हुआ। दुकानदार और फड़ वाले आपस में भिड़ गए और जमकर धक्कामुक्की हुई और मारपीट की नौबत आ गई। व्यापारी नेताओं ने मौके पर समझाकर लोगों को शांत किया।

जाम की समस्या के निजात के लिए 111 करोड़ रुपये की लागत से कुतुबखाना पुल बनाया गया है। पुल के नीचे अतिक्रमण की वजह से रोजाना जाम लग रहा है। फड़ और दुकानदार आपस में भिड़ रहे हैं। नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण भी हटाया लेकिन हालात नहीं सुधरे। मंगलवार दोपहर में उद्योग व्यापार सुरक्षा मंडल के उपाध्यक्ष, गोल मार्केट के दुकानदार गुलशन कुमार, किशन मेहता, सोनू सरदार, जितेंद्र अरोरा, जावेद, ताहिर, प्रशांत गुप्ता, संजय आहूजा ने फड़ वालों को हटाने की कोशिश की तो कुछ फड़ वाले हंगामा करने लगे। इसकी वजह से फड़ वालों और दुकानदारों में मारपीट की नौबत आ गई। दुकानदारों ने इसकी शिकायत नगर निगम से की है। अतिक्रमण प्रभारी ललतेश सक्सेना ने बताया कि अभियान चला कर अतिक्रमण हटाया गया था। फिर से मौके पर टीम भेजी जाएगी।

कुतुबखाना पुल के नीचे दुकानदार और फड़ वाले भिड़े। ● अमृत विचार

- फड़ लगाने से रोकने की कोशिश में जमकर हुई धक्कामुक्की

बरेली के भिटौरा में रेलवे बनाएगा एक और कार्गो टर्मिनल

इंजीनियरिंग और वाणिज्य विभाग की टीमों ने शुरू किया सर्वे, बरेली के उद्यमियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद

मोनिस खान, बरेली

अमृत विचार : मालगाड़ियों के जरिए औद्योगिक परिवहन लगातार बढ़ने के कारण रेलवे ने जिले को एक और गुड्स साइडिंग देने का फैसला किया है। इसके तहत भिटौरा रेलवे स्टेशन पर कार्गो टर्मिनल बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग की टीमें फिलहाल ड्राइंग तैयार करने के लिए सर्वे में जुटी हुई हैं। मुख्यालय से ड्राइंग पर अप्रूवल मिलते ही कार्गो टर्मिनल का निर्माण शुरू हो जाएगा।

उत्तर रेलवे मुरादाबाद रेल मंडल का भिटौरा रेलवे स्टेशन शहर से दूर होने के साथ विशाल क्षेत्रफल में फैला है। सीनियर डीसीएम (फ्रेट) मुरादाबाद रेल मंडल ऋचा शर्मा की अगुवाई में वाणिज्य और इंजीनियरिंग विभाग की टीमें यहां कई दिनों से कार्गो टर्मिनल का खाका तैयार कर रही हैं। रेल अधिकारियों के मुताबिक इस प्रोजेक्ट के तहत माल लदान और ढुलाई के लिए लगभग 750 मीटर लंबा प्लेटफार्म बनाने की तैयारी है ताकि उस पर एक बार में पूरी रेक की लोडिंग-अनलोडिंग की जा सके। इसके अलावा शेड डालने, लाइट और व्यापारियों के लिए बैठने जैसी सुविधाओं का इंतजाम किया जाना है। रेलवे की गति शक्ति यूनिट यहां सारा निर्माण कार्य करेगी।

रेल अधिकारियों का कहना है कि भौतिक सर्वे पूरा होने के बाद व्यापारियों के साथ बातचीत करके उनके सुझाव भी लिए जाएंगे ताकि उनकी जरूरतों के मुताबिक कार्गो टर्मिनल विकसित किया जा सके। शहरी आबादी से दूर होने के कारण यहां भारी वाहनों के जरिए होने वाली लोडिंग अनलोडिंग में आसानी होगी।

- रेलवे की कार्गो टर्मिनल में 750 मीटर लंबा गुड्स शेड तैयार करने की योजना
- मुख्यालय से ड्राइंग को अप्रूवल मिलते ही साफ हो जाएगा निर्माण का रास्ता

कैंट और बरेली मालगोदाम पर कम होगा दबाव औद्योगिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा भिटौरा

फिलहाल बरेली जंक्शन यार्ड में बने मालगोदाम और बरेली कैंट स्टेशन की गुड्स साइडिंग पर रेकों की लोडिंग और अनलोडिंग होती है। रेल अधिकारियों के मुताबिक कैंट स्टेशन पर ज्यादातर अनलोडिंग सीमेंट की होती है। जंक्शन से नमक, साबुन, फिटकरी, चावल, गेहूं आदि की लोडिंग-अनलोडिंग होती है। शहर के दूर विकल्प मिलने से इन दोनों गुड्स साइडिंग पर दबाव कम होगा। इसके साथ भिटौरा औद्योगिक गतिविधियों का नया केंद्र बनेगा। बता दें कि जंक्शन और कैंट स्टेशन से रेलवे को हर साल करोड़ों की आय होती है। दोनों जगह लगातार आय बढ़ने के कारण एक और कार्गो टर्मिनल बनाने का फैसला लिया गया है। जंक्शन को 2022-23 में 41.70 करोड़ और 2023-24 में 46.45 करोड़ की आय हुई थी। कैंट स्टेशन को 2022-23 में 92.34 करोड़ और 2023-24 में 94.49 करोड़ की आय हुई।

शहर में भी ट्रैफिक का दबाव होगा कम

बरेली जंक्शन और कैंट स्टेशन मालगोदाम पर लोडिंग और अनलोडिंग के लिए वाहन शहर के अंदर से गुजरते हैं। अधिकारियों का मानना है कि भिटौरा में कार्गो टर्मिनल बनने से शहर में भारी वाहनों की आवाजाही काफी हद तक कम होगी और इससे शहरवासियों को भारी ट्रैफिक दबाव से मुक्ति मिलेगी। रेलवे की प्राथमिकता है कि भिटौरा में आबादी वाले इलाके के बजाय कार्गो टर्मिनल आने-जाने वाले वाहनों का रास्ता इंजीनियरिंग कॉलेज के पास तैयार किया जाए।

मुरादाबाद रेल मंडल के तहत आने वाले भिटौरा रेलवे स्टेशन पर कार्गो टर्मिनल का निर्माण किया जाना है, इसके लिए रेलवे की टीमें सर्वे कर रही हैं। भविष्य में इसका फायदा यहां के उद्योगों को मिलेगा। – आदित्य गुप्ता, सीनियर डीसीएम, मुरादाबाद रेल मंडल

तीन साल भी नहीं टिक पाए बीसी सखियों के टैबलेट और एटीएम

बरेली,अमृत विचार : जिले में इस समय एक हजार से ऊपर बीसी सखियां हैं। ट्रांजेक्शन के लिए इन्हें शुरुआत में एक टैबलेट और एक एटीएम दिए गए थे। महिलाओं का कहना है कि एटीएम एक दो महीने से ज्यादा नहीं चली। अब टैबलेट भी धोखा देने लगे हैं।

एक बीसी सखी ने बताया कि धीरे-धीरे डिवाइस की स्पीड धीमी व रोशनी कम हो गयी है। इससे ट्रांजेक्शन देर से हो पाता है। यह समस्या भुता, मीरगंज व बिथरी ब्लॉक की कई बीसी सखियों के सामने आ रही है। भुता ब्लॉक की एक बीसी सखी ने बताया यह डिवाइस तीन साल के अंदर ही खराब होने लगी। डिवाइस के साथ मिली एटीएम तो दो माह में ही खराब हो गयी थी। डीएमएम गुरदीप सिंह ने बताया कि तीन साल में डिवाइस में समस्या आ सकती है। यदि महिलाओं को समस्या आ रही है तो अनुबंधित कंपनी उसका समाधान करेगी।

निजी अस्पताल में बैठक करने वाली आशा कार्यकर्ताओं की हुई पहचान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीएमओ ने निजी अस्पताल प्रबंधन को नोटिस देकर मांगा जवाब
- सीसीटीवी फुटेज से हुआ खुलासा अब हो सकती है कार्रवाई

अमृत विचार : रामपुर रोड स्थित निजी अस्पताल में अस्पताल प्रबंधन के साथ बैठक करने वाली 15 आशा कार्यकर्ताओं की सीसीटीवी फुटेज से पहचान कर ली गई है। सीएमओ ने एमओआईसी को कार्यकर्ताओं से स्पष्टीकरण लेने का आदेश दिया है। इसके अलावा सीएमओ ने निजी अस्पताल प्रबंधन को भी नोटिस देकर तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। स्पष्टीकरण न देने पर कार्रवाई की जाएगी।

कुछ दिनों पहले निजी अस्पताल में आशा कार्यकर्ताओं की बैठक की जानकारी पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापा मारा था। सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो मंगलवार को वीडियो में नजर आने वाली 16 आशा कार्यकर्ताओं में से 15 की पहचान कर ली गई। इनमें से 14 नवाबगंज ब्लॉक में तैनात हैं और एक अन्य कुआटांडा की है। एक आशा कार्यकर्ता का वीडियो में चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा है। अफसरों ने मामले की रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दी है।

करती रहीं गुमराह

छापा मारने के दौरान बैठक में शामिल कार्यकर्ताओं से टीम ने पूछताछ की थी तो कार्यकर्ताओं ने अपने नाम के साथ ब्लॉक की भी जानकारी ठीक नहीं दी थी। टीम को गुमराह करने का प्रयास किया था। अब सही उत्तर न मिलने की स्थिति में उन पर कार्रवाई की जा सकती है।

> जिस ब्लॉक की कार्यकर्ताओं की पहचान हो गई है, उस ब्लॉक के संबंधित एमओआईसी को कार्यकर्ताओं से स्पष्टीकरण लेने का आदेश दिया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने पर संबंधित कार्यकर्ता की बर्खास्तगी के लिए जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। **-डॉ. विश्राम सिंह**, सीएमओ

धूल फांक रही एफेरेसिस मशीन, डेंगू फैला तो होगी दिक्कत

बरेली, अमृत विचार : जिले में मलेरिया का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। अब तक 200 से अधिक मरीज सामने आ चुके हैं। बरसात के मौसम में डेंगू भी पांव पसार सकता है। इस दौरान ब्लड बैंकों में प्लेटलेट्स लेने के लिए बड़ी संख्या में मरीजों की भीड़ उमड़ती है, लेकिन जिला अस्पताल में डोनर के खून से चंद मिनट में प्लेटलेट अलग करने वाली ऐफेरेसिस मशीन कई माह से धूल फांक रही है।

मौजूदा हालात को देखते हुए लगता है कि मशीन को इंस्टाल होने में अभी लंबा समय लग सकता है। अगर ऐसा हुआ और डेंगू ने पांव पसारे तो भविष्य में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा का कहना है कि ऐफेरेसिस मशीन को जल्द इंस्टाल कराया जाएगा। इसके लिए पेइंग वार्ड में स्थान भी चिह्नित कर लिया गया है।

छह महीने में पूरी होगी नाथ धाम और नए औद्योगिक क्षेत्र की योजना

बीडीए उपाध्यक्ष ने एक साल में करने वाले कार्यों की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

पत्रकारों से बात करते उपाध्यक्ष मानिकनन्दन ए, साथ में सचिव योगेंद्र कुमार।

अमृत विचार : बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) प्रदेश का पहला प्राधिकरण है जहां एक साल में तीन योजनाएं धरातल पर आएंगी। इन योजनाओं से उद्योग स्थापित होंगे और सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा। लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के साथ नाथ धाम और टीपीनगर योजना छह महीने में पूरी हो जाएंगी। यह जानकारी बीडीए उपाध्यक्ष मानिकनंदन ए ने दी।

बीडीए कार्यालय में सचिव योगेन्द्र कुमार और अधिशासी अभियंता एपीएन सिंह की मौजूदगी में उपाध्यक्ष ने प्राधिकरण के एक साल में करने वाले कामों के बारे में बताया। कहा कि बीडीए की रामगंगा नगर योजना में बचे हुए 200 प्लॉट का पंजीकरण हो रहा है। कुदेशिया फाटक के पास स्काईवॉक अपार्टमेंट्स के पंजीकरण एक सप्ताह में खोल दिए जाएंगे। छह महीने में रामायण वाटिका, तीन महीने में बीडीए का नया कार्यालय, तीन महीने में रामगंगा नगर में स्पोर्ट्स स्टेडियम और छह महीने में कनवेंशन सेंटर तैयार हो जाएगा।

मानिकनंदन ए ने बताया कि 15 साल पुरानी रामगंगा नगर योजना से प्राधिकरण दो महीने में निकल जाएगा और अब अगले प्रोजेक्ट ग्रेटर बरेली की तरफ ध्यान देगा। रामगंगा नगर में दो महीने में बिजली और पानी की सप्लाई शुरू हो जाएगी। बदायूं रोड के एमएसएमई सेक्टर के लिए 500 आवेदन और ट्रांसपोर्ट नगर के लिए एक हजार आवेदन आए हैं।

परसाखेड़ा के लिए एक सप्ताह में डिमांड सर्वे शुरू करा दिया जाएगा।

पौधरोपण के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा से समझौता : वीसी के मुताबिक शहर में हरियाली के लिए बैंक आफ बड़ौदा के साथ मिलकर बीडीए 15 हजार पौधे लगाएगा। इन पौधों की 18 महीने तक देखरेख बैंक करेगा। बीडीए ने पौधों की देखरेख के लिए उद्यमियों, अस्पताल और नर्सिंग होम, व्यापारी, निजी संस्थाओं को जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया है। मियावाकी जंगल की तर्ज पर पौधरोपण किया जाएगा।

भू उपयोग बदलने के बाद नक्शा स्वीकृत कराएं

वीसी ने कहा कि मास्टर प्लान में 18 मीटर और इससे ज्यादा चौड़ी सड़क को बाजार स्ट्रीट भू उपयोग लागू किया गया है। इस तरह के मार्गों पर आवासीय और मिश्रित भू उपयोग के मानचित्र स्वीकृत हो सकते हैं। शहर के प्रमुख मार्गों पर कामर्शियल भू उपयोग तय किए गए हैं। लोग भू उपयोग के अनुसार मानचित्र स्वीकृत करा लें। जिन लोगों के आवासों में कॉमर्शियल गतिविधि संचालित हो रही हैं वह जल्दी से जल्दी अपना नक्शा जमा कर दें। जिन लोगों के पास बदले भू उपयोग का नक्शा नहीं होगा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

यूपीएचसी के डॉक्टर कर रहे मेडिकोलीगल वापस लौट रहे मरीज

बरेली, अमृत विचार: जिले भर के थानों में दर्ज होने वाले महिला अपराध संबंधी मामले मेडिकोलीगल के लिए यहां आते हैं। इन में जांच की जिम्मेदारी अस्पताल के चिकित्सकों को न देकर शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात चिकित्सकों को दी जा रही है। इससे वहां के मरीज परेशान हो रहे हैं।

विभागीय रिपोर्ट के अनुसार जिला महिला अस्पताल में मेडिकोलीगल के लिए हर दिन 10 से अधिक मामले आते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य केंद्रों पर ओपीडी को छोड़ कर चिकित्सकों को यहां आना पड़ता है। मामले की संख्या अधिक होने के चलते कई बार 5 से 8 घंटे का समय डॉक्टर को यहां पर ही लग जाता है। हैरत की बात तो यह है कि अधिकांश शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों पर एक ही डॉक्टर की तैनाती है। ऐसे में डॉक्टर की ड्यूटी मेडिकोलीगल में लग जाने से स्वास्थ्य केंद्रों से मरीज बिना इलाज के ही मायूस होकर लौट रहे हैं। कई बार चिकित्सकों ने सीएमओ से मुलाकात कर व्यवस्था में बदलाव करने की गुहार लगाई। इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि मेडिको लीगल को लेकर शहरी क्षेत्र के चिकित्सकों ने मौखिक आपत्ति की है। जिला महिला अस्पताल में स्थाई डॉक्टर भी मेडिको लीगल कर सकते हैं। इस संबंध में सीएमएस से वार्ता करने के बाद बदलाव किया जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
Lifelines OF BAREILLY MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
जांचों पर विशेष छूट
~~1499/-~~ ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात पीरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरेपी हकलाना/तुतलाना आटिस्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
नाक, कान व गला एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय (सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 07:30 बजे से 9 बजे तक
हर मंगलवार फ्री परामर्श रजिस्ट्रेशन ₹50/-
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

SRI SUPRABHA GI VENUS NURSING HOME
WE CURE WITH CARE
13 वर्षों का अनुभव
डॉ. सरिता शर्मा
MBBS, (Gold Medalist) DGO
प्रसूति, स्त्री रोग एवं बाँझपन रोग विशेषज्ञ
समय 10 बजे से 3 बजे तक, शाम 6 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सुविधायें ● नार्मल डिलीवरी को प्राथमिकता ● दवाईयों द्वारा गर्भपात एवं नसबन्दी की सुविधा ● दर्द रहित प्रसव की सुविधा ● बच्चेदानी की रसौली ● माहवारी की समस्यायें ● बांझपन का इलाज ● गर्भाशय में कैंसर की जाँच एवं प्राथमिक इलाज
सनराईज एन्क्लेव (निकट एलिस ग्रीन बैंकेट हॉल), डोहरा रोड, बरेली
फोन : 0581-7963213, 9568303926

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
Morning 10 AM-3 PM, Evening 6 PM- 8 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध है :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

THE TOOTH LOUNGE
Regd. No. : 21537
A COMPLTE DENTAL CARE SOLUTION
• दाँतों के क्राउन और ब्रिज बनवाना • दाँतों के रंग की फिलिंग करना • दाँतों का निकालना • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग • दाँत एवं बत्तीसी बनवाना • RCT • डिजिटल एक्स-रे • टेढ़े मेढ़े दाँतों में तार लगाना • डेंटल इम्प्लांट
डॉ. नेहा अग्रवाल
BDS, MIDA (Dental Surgeon)
Mob. : 9870822971
Timing : 11 AM to 3 PM & 5 PM to 8 PM
83, सिविल लाइन्स निकट किप्स हीरो सर्विस सेन्टर, चौपला रोड, बरेली।

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

बसपा ने मंडल के चारों जिलों में बदले प्रभारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद पार्टी हाईकमान ने उठाया कदम

अमृत विचार : अकेले दम पर लोकसभा चुनाव लड़ी बसपा का हाल पिछले विधानसभा और नगर निकाय के चुनाव की तरह हुआ। मंडल में बसपा का कोई भी प्रत्याशी जीत हासिल नहीं कर सका। करारी हार के बाद अब बरेली मंडल के चारों जिलों में बसपा सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर संगठन में बदलाव किए गए हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि अब संगठन के अन्य पदाधिकारियों पर भी जल्द ही कार्रवाई की जा सकती है।

बरेली मंडल की पांच लोकसभा सीटों में से बसपा के उम्मीदवार चार सीटों पर चुनाव लड़े थे। बरेली लोकसभा सीट से प्रत्याशी का पर्चा निरस्त होने के चलते बसपा का कोई उम्मीदवार नहीं था। आंवला, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर में पार्टी का उम्मीदवार मुकाबले से बाहर रहा। खराब प्रदर्शन के बाद बसपा की तरफ से अब संगठन में बदलाव शुरू कर दिए गए हैं। बसपा प्रमुख मायावती के निर्देश पर मुकेश सागर और सतपाल गौतम को बरेली जिले का प्रभारी बनाया गया है। बदायूं जिले में हेमेन्द्र गौतम और रवि मौर्य को प्रभारी बनाया गया है।

पीलीभीत में मुन्ना लाल कश्यप और राम सनेही गौतम को जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही शाहजहांपुर जिले में बलकरन गौतम व विजय वर्मा को प्रभारी बनाया गया है। जल्द ही अन्य पदाधिकारियों के पदों में भी फेरबदल किया जा सकता है।

> लोकसभा चुनाव को लेकर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। मंडल के जिलों में कुछ फेरबदल भी संगठन की तरफ से किए गए हैं। बसपा सुप्रीमो का जो निर्देश होगा, उस के आधार पर ही आगे की तैयारी की जाएगी। **-ओमकार कातिब**, जिलाध्यक्ष

बिथरी में कांग्रेस ने निकाली धन्यवाद यात्रा

बरेली, अमृत विचार : बिथरी विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक आलमपुर जफराबाद में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजन उपाध्याय के नेतृत्व में धन्यवाद यात्रा निकाली गई। यात्रा को हरी झंडी दिखा कर प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने रवाना किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता ने बीजेपी के झूठ को उजागर कर दिया है। यात्रा में सचिव रजनीश पाठक, गुड्डू खान, आकाश, गुफरान, सुखवीर यादव, भूरे सैफी, अबरार खान, गजेंद्र शर्मा, राम अवतार, इकबाल भाई, सलीम खान आदि उपस्थित रहे।

तनाव में अधिकारी और कर्मचारी फाल्ट ठीक करें या बिलिंग कराएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- असिस्टेंट बिलिंग के समय मीटर रीडर के साथ विभागीय कर्मचारी रहने के हैं निर्देश

अमृत विचार: पॉवर कॉरपोरेशन मुख्यालय की तरफ से बिजली बिलों में गड़बड़ी रोकने के लिए असिस्टेंट बिलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। असिस्टेंट बिलिंग में मीटर रीडर के साथ बिजली विभाग का एक कर्मचारी भी उपभोक्ताओं के घर पर जाने के निर्देश हैं। अब अधिकारी चिंता में हैं कि अगर मीटर रीडर के साथ संविदा कर्मचारी दिन भर असिस्टेंट बिलिंग कराएगा तो गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति बहाल रखने में दिक्कत होगी।

आए दिन शिकायतें मिलती हैं कि मीटर रीडर उपभोक्ता के घर नहीं जाकर मनमर्जी रीडिंग डालकर बिजली का बिल बना देते हैं। इससे रीडिंग से अधिक बिल होने पर उपभोक्ता उसे ठीक कराने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों के चक्कर लगाते हैं। निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक मीटर रीडर के साथ बिजली का एक कर्मचारी हर उपभोक्ता के घर जाकर अपनी मौजूदगी में बिजली का बिल बनवाकर उपभोक्ता का ब्योरा असिस्टेंट बिलिंग एप पर अपलोड करेगा, जिससे बिलिंग की जानकारी अधिकारियों के पास भी रहे। ऐसे में मीटर रीडरों के साथ कर्मचारियों के जाने से उपकेंद्र पर कर्मचारियों की संख्या कम होने पर अधिकारी चिंता में हैं। अब मुख्यालय के निर्देश की वजह से जेई और एसडीओ इसका विरोध भी नहीं कर पा रहे हैं।

> मुख्यालय के निर्देश पर ही मीटरों रीडर के साथ कर्मचारियों को भेजकर बिलिंग कराई जा रही है। अगर कहीं फाल्ट होता है तो उसे भी ठीक कराया जाता है। समन्वय बनाकर कर्मचारियों से दोनो काम कराये जा रहे हैं। **अंबा प्रसाद वशिष्ठ**, अधीक्षण अभियंता

सार-संक्षेप

पावर लिफ्टिंग: बरेली ने जीते तीन गोल्ड, दो सिल्वर

बरेली, अमृत विचार : 7 से 10 जून तक दिल्ली में नेशनल सब जूनियर और जूनियर पावर लिफ्टिंग तथा डेडलिफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जनपद बरेली से 13 खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश की ओर से प्रतिभाग करते हुए 3 गोल्ड, 2 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीते। पुरुष वर्ग में पॉवर लिफ्टिंग में अभिषेक भारद्वाज ने जूनियर 66 किग्रा भार वर्ग में 535 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड जीता। राज गंगवार ने सब जूनियर 74 किग्रा भार वर्ग में 480 किलोग्राम वजन उठाकर सिल्वर मेडल जीता। महिला वर्ग की पॉवर लिफ्टिंग में इरा अली ने जूनियर 69 किग्रा भार वर्ग मे 260 किलोग्राम वजन उठाकर ब्रॉन्ज जीता। वहीं शाविका सिसोदिया ने सब जूनियर 76 किग्रा भार वर्ग मे 250 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। पुरुष वर्ग डेडलिफ्ट में सीनियर 83 किग्रा भार वर्ग मे डॉ. संस्कार त्यागी ने 227 .5 किलोग्राम वजन उठाकर सिल्वर तथा विकास सिंह ने सीनियर 93 किग्रा भार वर्ग मे 187 .5 किलोग्राम वजन उठाकर ब्रॉन्ज मेडल जीता। महिला वर्ग डेडलिफ्ट मे सीनियर 52 किग्रा भार वर्ग में अनीता देवी ने 105 किलो वजन उठाकर गोल्ड पर कब्जा जमाया। हेमा रस्तोगी ने सीनियर 69 किग्रा भार वर्ग मे 120 किलो वजन उठाकर ब्रॉन्ज मैडल जीता। सभी खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश पॉवर लिफ्टिंग के सचिव राहुल शुक्ला, बरेली के सचिव मुकेश कुमार और अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने सम्मानित किया। इस दौरान अनुज सक्सेना, अशोक कुमार, संतोष कुमार, मनीष कुमार, सुशील कुमार, भानु प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

उर्स-ए-गौहरी का 18 को होगा आगाज

बरेली, अमृत विचार : दरगाह हजरत सैयद गौहर अली अलमारूफ भीटा शाह बाबा पर होने वाले उर्स-ए-गौहरी की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। उसमें बताया गया कि सालाना उर्स 18 जून से शुरू होगा और 20 जून को कुल की रस्म के साथ समापन होगा। दरगाह प्रमुख शाह मोहम्मद वसीम मियां चिश्ती साबरी ने मोहम्मद रिजवान को उर्स प्रभारी व मोहम्मद अजीम साबरी को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी। उर्स प्रभारी मोहम्मद रिजवान साबरी ने बताया कि 18 जून को परचम कुशाई की रस्म से उर्स का आगाज होगा। महफिले समां में कव्वाली का प्रोग्राम होगा। 20 जून को अपराह्न 3 :30 बजे मुख्य कुल की रस्म अदा की जाएगी। बैठक में नदीम साबरी, तारिस साबरी, नसरत साबरी, आकिब साबरी, मोहम्मद जाफर आदि उपस्थित रहे।

आला हजरत ट्रस्ट कराएगा नीट की मुफ्त कोचिंग

बरेली, अमृत विचार : आला हजरत ट्रस्ट के सदर मोहतिशिम रजा खान ने जानकारी दी है कि दरगाह आला हजरत की तरफ से इस साल 100 जरूरतमंद बच्चों को नीट की कोचिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जो होनहार बच्चे डॉक्टर और इंजीनियर बनना चाहते हैं, लेकिन मां-बाप की आर्थिक तंगी की वजह से पढ़ाई नहीं कर पाते हैं, उनके लिए आला हजरत ट्रस्ट की तरफ से यह व्यवस्था की गई है। शहर के प्रतिष्ठित संस्थान में उन्हें नीट व आईआईटी की मुफ्त कोचिंग करायी जाएगी। इसके अलावा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग भी मुफ्त कराई जाएगी।

ठाकुरजी की बाल लीलाओं का किया वर्णन

बरेली, अमृत विचार : श्रीरामायण मंदिर, माधव बाड़ी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य महावीर शर्मा ने कहा कि भगवान के प्रति शरणागत होने के बाद उनके साथ एकात्म हो आत्मरस में लीन होकर परम पद की प्राप्ति की जा सकती है। उन्होंने कथा में ठाकुरजी की बाल लीलाओं का अत्यंत मनोहारी वर्णन किया। पूतना वध, काली वध, वेणु गीत, चीर हरण व गोवर्धन लीला आदि प्रसंगों का वर्णन सुन श्रद्धालु आनंदित हो उठे। इस अवसर पर भक्तजन अपने घरों से सुंदर पकवान बनाकर लाये, जिनसे गिरिराज जी को छप्पन भोग लगाया गया। गोवर्धन लीला के दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की और भजनों पर नृत्य भी। कार्यक्रम में नीलू कुमार गुलाटी, बरखा अरोरा, मोनिका अरोड़ा, संगीता अरोड़ा, चारु अरोड़ा व पलका आनंद आदि उपस्थित रहे।

14 जिलों में होगी कहानी प्रतियोगिता

बरेली, अमृत विचार : अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रान्त की मंगलवार को प्रांतीय उपाध्यक्ष कवि आनंद गौतम की अध्यक्षता में बैठक हुई। प्रांतीय अध्यक्ष साहित्य भूषण सुरेश बाबू मिश्रा ने कहा कि साहित्य परिषद ब्रज प्रान्त 15 जुलाई से 31 अगस्त तक 14 जिलों में कहानी प्रतियोगिता आयोजित करेगा। प्रांतीय महामंत्री डॉ. शशि बाला राठी ने कहा कि कहानी प्रतियोगिता चार वर्गों में होगी। बैठक में जनपदीय मंत्री ब्रजेश कुमार शर्मा, जनपदीय अध्यक्ष डॉ. एसपी मौर्य, प्रांतीय संयुक्त मंत्री रोहित राकेश, सुरेंद्र बीनू सिन्हा, निरूपमा अग्रवाल, डॉ विमलेश दीक्षित, गीतकार कमल सक्सेना, डॉ. स्वाति गुप्ता, प्रवीण कुमार शर्मा, डॉ. रवि प्रकाश शर्मा व मोहन चंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

रैगिंग रोकने के लिए बाहरी छात्रों की भी होगी निगरानी

विश्वविद्यालय में एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक में कुलपति ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : विश्वविद्यालय में रैगिंग रोकने के लिए एंटी रैगिंग सेल को उच्चीकृत किया जाएगा। छात्रावास में रहने वाले छात्रों के अलावा बाहर निजी छात्रावासों में रहने वाले छात्रों की भी निगरानी की जाएगी। छात्रावासों में जूनियर शिक्षक रात में रुकने के साथ छात्रों से समन्वय स्थापित करेंगे। यूजीसी के नए दिशा-निर्देशों का भी पालन किया जाएगा। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में कुलपति प्रो. केपी सिंह की अध्यक्षता में इसका निर्णय लिया गया।

कुलपति ने बैठक में लिए गए निर्णयों को महाविद्यालयों में भी पालन कराने के निर्देश दिए हैं। एंटी रैगिंग कमेटी के समन्वयक डॉ. सौरभ वर्मा ने रैगिंग पर रोक लगाने के लिए यूजीसी के नए दिशा-निर्देशों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एंटी रैगिंग के संबंध में छात्र-छात्राओं में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा और प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा। इसके अलावा सेक्टर के अनुसार एंटी रैगिंग स्क्वॉड का गठन करने, विश्वविद्यालय अनुशासन समिति के समन्वय से नॉन कैंपस स्टूडेंट कमेटी और आउट साइड कैंपस मॉनिटरिंग सेल भी बनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा एंटी रैगिंग दिवस और सप्ताह मनाया जाएगा। बैठक में बताया गया कि छात्रावास में रहने वाले छात्रों से रैगिंग न करने की अंडरटेकिंग ली जाती है लेकिन अब छात्रावास से बाहर निजी छात्रावास में रहने वाले छात्रों से भी अंडरटेकिंग ली जाएगी। छात्रों के परिजनों की भी अंडरटेकिंग ली जाएगी। एंटी रैगिंग स्क्वॉड को सीयूजी नंबर दिए जाएंगे। इसके अलावा एंटी रैगिंग कमेटी के नंबर, यूपी 112, स्थानीय पुलिस अधिकारियों और थाने के नंबर भी विश्वविद्यालय परिसर में जगह-जगह प्रदर्शित किए जाएंगे। एंटी रैगिंग स्क्वॉड समय-समय पर रैगिंग संभावित स्थानों पर छापेमारी करेगा। छात्र के प्रवेश के दौरान उसके माइग्रेशन और चरित्र प्रमाण पत्र पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में एंटी रैगिंग कमेटी के उपाध्यक्ष एवं डीएसडब्ल्यू प्रो. पीबी सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला, चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह, प्रो. आलोक श्रीवास्तव, डॉ. नीरज कुमार, उप कुलसचिव सुनीता यादव, विशेष कुमार आदि मौजूद रहे।

समिति कक्ष में एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक करते कुलपति प्रो. केपी सिंह।

बरेली कॉलेज और विश्वविद्यालय में रैगिंग के लगे थे आरोप

कुछ दिनों पहले बरेली कॉलेज में बीसीए छात्र ने बाहरी युवक और रुहेलखंड विश्वविद्यालय में छात्रावास के बाहर बीफार्मा के छात्र ने सीनियर छात्रों पर रैगिंग और मारपीट का आरोप लगाया था। दोनों ही मामलों में एंटी रैगिंग कमेटी की जांच में मामले सिर्फ मारपीट के ही पाए गए।

भर्ती रैली से पहले 18 को जाट रेजिमेंट में होगा स्पोर्ट्स ट्रायल

बरेली, अमृत विचार : बरेली स्थित जाट रेजिमेंटल सेंटर में हेडक्वार्टर्स कोटा के तहत होने वाली खिलाड़ियों की भर्ती रैली से पहले 18 जून को स्पोर्ट्स ट्रायल होगा। खिलाड़ियों को बास्केटबॉल, वालीबॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती और दौड़ (800 मीटर और इससे ऊपर) का ट्रायल देना होगा। खिलाड़ियों को अपने जरूरी दस्तावेज लेकर सेंटर गेट पर सुबह 5 बजे तक पहुंचना होगा। इस ट्रायल के लिए केवल दो साल तक के स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट ही मान्य होंगे। अभ्यर्थियों की जन्मतिथि 1 अक्टूबर 2003 से 1 अप्रैल 2007 के बीच होनी चाहिए। स्पोर्ट्स ट्रॉयल में सफल अभ्यर्थी ही यूनिट हेडक्वार्टर्स कोटा (यूएचक्यू) के तहत 1 से 8 जुलाई तक जाट रेजिमेंटल सेंटर (जेआरसी) बरेली में भर्ती में भाग ले सकेंगे।

एमटेक और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण आज से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमटेक और इंजीनियरिंग के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश के लिए 12 जून से ऑनलाइन पंजीकरण होंगे। छात्रों को 150 रुपये का पंजीकरण शुल्क देना होगा और पंजीकरण की अंतिम तिथि 6 जुलाई है। वहीं एमटेक-पीएचडी डुअल कार्यक्रम में भी प्रवेश पंजीकरण 12 जून से होंगे।

वर्तमान में महाविद्यालयों में स्नातक के प्रवेश पंजीकरण हो रहे हैं। कुलसचिव संजीव कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर के सभी संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय में तीन वर्षीय इंजीनियरिंग के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों केमिकल, मेकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में प्रवेश ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से होंगे। डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में योग्यता हाईस्कूल गणित के साथ जेईईयूपी की मेरिट या हाईस्कूल की मेरिट के आधार पर होंगे। एमटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में प्रवेश गेट या बीटेक की मेरिट से होंगे।

बरेली कॉलेज में आवेदन जमा करते छात्र।

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने प्रवेश पंजीकरण के निर्देश जारी किए

एमटेक-पीएचडी में भी प्रवेश पंजीकरण आज से

रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में एमटेक-पीएचडी डुअल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 12 जून से 6 जुलाई तक होंगे। इसके लिए छात्रों को पंजीकरण शुल्क 950 रुपये देना होगा।

बड़ा बाग हनुमान मंदिर में सुंदर कांड सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

बड़ा बाग हनुमान मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड

अमृत विचार, बरेली : बड़ा बाग हनुमान मंदिर पर एक उम्मीद एनजीओ की ओर से सुंदर कांड का संगीतमय पाठ किया गया। अंत में आरती-भोग के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। एनजीओ की फाउंडर अमिता अग्रवाल ने बताया कि सुंदर कांड का आयोजन बड़ा मंगल के उपलक्ष्य में किया गया।

सछास का प्रदर्शन, नीट के नतीजों में धांधली की जांच कराई जाए

कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन करते समाजवादी छात्रसभा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कलेक्ट्रेट में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा

अमृत विचार : नीट परीक्षा परिणाम में अनियमितता की जांच की मांग करते हुए समाजवादी छात्रसभा (सछास) ने कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन किया और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम प्रमोद कुमार को सौंपा।

सछास के अलावा समाजवादी पार्टी के फ्रंटल संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी और छात्र सेठ दामोदर पार्क में एकत्र हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट गेट पर पहुंचे। सछास के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन एनटीए की निष्पक्ष और सुरक्षित परीक्षा आयोजित करने की क्षमता के बारे में बढ़ती चिंताओं के लिए हुआ है। प्रदेश उपाध्यक्ष सय्यद फरहान अली ने परीक्षा में विफल होने के कारण एनटीए को खत्म करने की मांग की। इस मौके पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष भुवनेश प्रधान, समाजवादी युवजन सभा जिलाध्यक्ष मोहित भारद्वाज, महानगर अध्यक्ष विक्रांत पाल, युवजन सभा महानगर अध्यक्ष दीपक यादव, अजमल अंसारी, अभिषेक यादव, अजय यादव, जय प्रकाश साहू, युनुस, जावेद यार खां, दुर्वेश यादव, सौरभ यादव, सुदेश यादव, रवि पंडित, सुमित, रितेश यादव, वीरेश पाल, विपिन यादव, अनिकेत सिंह यादव, आदित्य यादव एडवोकेट, शाबाज खान आदि मौजूद रहे।

स्नातक और परास्नातक परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। स्नातक सम सेमेस्टर की 17 जून को होने वाली परीक्षा बकरीद की वजह से आगे बढ़ा दी गई है। परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा 19 जून से शुरू हो रही है। इसमें भी संशोधन किया गया है।

फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स बना यूनिवर्सिटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रबंध निदेशक ने कहा, छात्रों के भविष्य को बेहतर आकार देने में जुटी है टीम

अमृत विचार : फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स को बड़ी उपलब्धि मिल गई है। अब यह यूनिवर्सिटी में परिवर्तित हो गया है। ग्रुप के चेयरमैन मुकेश गुप्ता ने बताया कि 2009 में स्थापित फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स अब यूनिवर्सिटी बन गया है। संस्थान के छात्र गूगल, टीसीएस, विप्रो, एचसीएल, डेलॉइट और एक्सेंचर जैसी शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियों में प्लेस्ड हैं।

चेयरमैन ने कहा कि फ्यूचर ग्रुप परिवार के लिए यह महत्वपूर्ण दिन है। हमारी समर्पित और दृढ़ टीम ने छात्रों के भविष्य को आकार देने के लिए लगातार काम किया है। प्रबंध निदेशक दीप गुप्ता ने बताया कि फ्यूचर विश्वविद्यालय कंप्यूटर विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक के साथ ही एमबीए, बीबीए, बीसीए, एमसीए, एएनएम, जीएनएम, ओटीटी, बी फार्मा, डी फार्मा, और बीएएमएस आदि पाठ्यक्रम प्रदान करता है। कहा कि अब फ्यूचर यूनिवर्सिटी को भारत का सर्वश्रेष्ठ निजी विश्वविद्यालय बनाना लक्ष्य है।

बिस्मिल की जयंती पर किया पौधारोपण

बरेली, अमृत विचार : मानव सेवा क्लब की ओर से मंगलवार को आजादी के अमर नायक शहीद राम प्रसाद बिस्मिल की 127 वीं जयंती पर महानगर कॉलोनी के प्रगति पार्क में पौधारोपण किया गया। नीम, बेलपत्र, मीठा नीम और जामुन के 10 से ज्यादा पौधे लगाए गए। गोष्ठी में उनके पराक्रम को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र बीनू सिन्हा, इन्द्र देव त्रिवेदी, मुकेश सक्सेना, प्रो. एसके शर्मा, केबी अग्रवाल, शोभा सक्सेना, डॉ. प्रमिला शर्मा आदि उपस्थित रहे।

110 मीटर हर्डल रेस में कुणाल ने जीता रजत पदक

बरेली, अमृत विचार : कुणाल चौधरी ने ओपन यूपी स्टेट-2024 गाजियाबाद में आयोजित 110 मीटर हर्डल रेस में रजत पदक प्राप्त किया है। रेलवे में कार्यरत कुणाल चौधरी का घुटने में चोट के बावजूद यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। कुणाल नियमित रूप से रेलवे ग्राउंड में कोच अजय कश्यप के दिशा निर्देशन में अभ्यास करते हैं।

इस माह नेडा के चार प्रोजेक्ट हो जाएंगे पूरे

- जिले में किए जाने हैं 31 हजार करोड़ रुपये के निवेश, कुछ का विस्तारीकरण हुआ पूरा

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपी नेडा) के चार प्रोजेक्ट अगले माह तक ग्राउंड पर आ जाएंगे। अभी तक तीन हजार करोड़ के निवेश पर काम शुरू हो चुका है। 31 हजार करोड़ रुपये के निवेश जिले में किए जाने हैं।

चिकित्सा, हाउसिंग, फार्मेसी, सीबीजी प्लांट, डेयरी आदि कई क्षेत्रों में जिले में निवेश किया जाना है। डेयरी क्षेत्र में हुए निवेश में कुछ इकाईयों में काम शुरू हो चुका है। कुछ उद्यमियों ने अपने प्रोजेक्ट को विस्तार देने के लिए निवेश किया। इनमें इफको ने 638 करोड़ का नैनो यूरिया और बीएल एग्रो ने पेकेजिंग के लिए 60 करोड़ रुपये के निवेश का प्रोजेक्ट पूरा कर लिया है।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में आए निवेशकों को सहूलियत देने और उनकी दिक्कतों को दूर करने के लिए यूपी इन्वेस्ट डेस्क स्थापित की गई है। यह डेस्क हर जिले में निवेश की प्रगति की जानकारी ले रही है। इस कड़ी में इसके द्वारा बरेली से जल्दी शुरू की जाने वाली इकाइयों की जानकारी मांगी गई है। यहां से यूपी नेडा के चार प्रोजेक्ट की जानकारी दी गई है। जल्दी शुरू होने वाली इकाइयों में आंवला का इन्द्रप्रस्थ बायोगैस प्लांट है। यह 1500 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है। इसके लिए इन्द्रप्रस्थ के पास जमीन है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अब एनओसी के लिए शुरुआत होगी।

नेडा की बैठक में यह फैसला भी हो जाएगा। रिलायंस को भी जमीन देने का मामला ग्रांउड लेबल पर है। नवाबगंज में उसे जमीन देने का प्रस्ताव यहां से पास होकर मुख्यालय चला गया है। नवाबगंज में 40 करोड़ का कार्बन सर्कल और फरीदपुर में एचपीसीएल कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट लगाने की तैयारी है। संयुक्त उद्योग निदेशक सर्वेश्वर शुक्ला ने बताया कि मुख्यालय से जानकारी मांगी गई थी, जो दे दी गई है। जिले में उद्योग का माहौल है।

मंडल स्तरीय ट्रायल में नहीं पहुंचे शाहजहांपुर-बदायूं के खिलाड़ी

स्पोर्ट्स स्टेडियम में तैराकी प्रतियोगिता के ट्रायल देते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल निदेशालय और तैराकी संघ के समन्वय से मंगलवार को मंडल स्तरीय ट्रायल हुए। इसमें बरेली से 25 और पीलीभीत से 15 तैराकों ने हिस्सा लिया लेकिन शाहजहांपुर और बदायूं से कोई खिलाड़ी शामिल नहीं हुआ।

जिला तैराकी संघ बरेली के सचिव सुनील मित्तल ने बताया कि ट्रायल में 40 खिलाड़ियों ने छह से अधिक इवेंट में अपनी प्रतिभा दिखाई गई। इसमें बालक वर्ग के ग्रुप एक में गौतम शाह, मयंक, सिद्धार्थ सिंह, समीर सिंह और अमन सिंह चयनित हुए। ग्रुप दो में अभिजीत गंगवार, कार्तिकेय मिश्रा, आदित्य मिश्रा, समर्थ भास्कर, मानित मित्तल, आदित्य सक्सेना, विशेष अरोरा, अमूल्य, सिद्धार्थ, अरिजीत शाह चयनित हुए। तीसरे ग्रुप में फजल, फवाद, मधुर शंखधर, विकास भारती, शिवांश चौरसिया चयनित हुए। इस दौरान क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेन्द्र यादव, उपक्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद, अविनाश कुमार, सुमित चौरसिया समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

एनीमिया बना किशोरियों की सेहत पर ग्रहण

अंकित चौहान, बरेली

- महिला अस्पताल के अर्श क्लिनिक पर आने वाली 40 फीसदी किशोरियों को एनीमिया
- 15 से 19 वर्ष के बीच समस्या ज्यादा, अनियमित खानपान और मासिक धर्म में बेपरवाही कारण

अमृत विचार : जिला अस्पताल के अर्श क्लिनिक के आंकड़े ही एनीमिया मुक्त भारत अभियान पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। अर्श क्लिनिक की काउंसलर अल्पना सक्सेना के मुताबिक उनके पास आ रही किशोरियों में से 40 फीसदी से भी ज्यादा एनीमिया से पीड़ित होती हैं। लंबे समय से यह औसत स्थिर है। एनीमिया पीड़ित कई किशोरियों की हालत गंभीर होती है।

काउंसलर अल्पना सक्सेना के अनुसार अर्श क्लिनिक पर हर महीने औसतन 350 से ज्यादा किशोरियां काउंसिलिंग के लिए आती हैं।

उन्हें परामर्श देने के साथ उनकी खून की जांच कराई जाती है, गंभीर स्थिति यह है कि इनमें से औसतन 145 किशोरियां एनीमिया से ग्रसित होती हैं। 15 से 19 वर्ष की लड़कियों में यह समस्या काफी ज्यादा है।

काउंसलर के अनुसार मासिक धर्म के दौरान अत्यधिक रक्त बहने, फास्ट फूड का अधिक सेवन, शारीरिक गतिविधियां न करके मोबाइल फोन का अधिक इस्तेमाल और असंतुलित खानपान मरीजों में एनीमिया का मुख्य कारण बन रहा है। हालांकि काउंसलिंग के दौरान पीड़ित किशोरियों को दवा के साथ उचित देखभाल करने और एनीमिया के लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लेने को कहा जा रहा है।

जानलेवा हो सकती है यह अनदेखी

वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. मृदुला शर्मा के अनुसार किशोरावस्था में शरीर विकसित हो रहा होता है, ऐसे में एनीमिया से शारीरिक विकास प्रभावित होता है। मां बनने के स्तर पर गर्भावस्था में भी जटिलताएं आएंगी। शरीर के महत्वपूर्ण अंगों पर भी इसका गंभीर असर पड़ता है। परिजनों को 10 वर्ष के उम्र से ही बेटी की दिनचर्या और खानपान का विशेष ध्यान रखने की आवश्यक है।

किसी ने बेटी होने तो किसी ने मां-बाप से अलग न रहने पर तोड़ दिया रिश्ता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कपड़े खरीदने के लिए पति ने पैसे नहीं दिए तोड़ा नाता,
- परामर्श केंद्र में पांच महीने में 424 शिकायतें पहुंची, सिर्फ 61 में बनी बात

अमृत विचार : पति-पत्नी के बीच रिश्तों की डोर कमजोर हो रही है। किसी का रिश्ता बेटी होने तो किसी का मां-बाप से अलग न रहने पर टूट गया। यहां तक कि कपड़े खरीदने के लिए पैसे न देने की मामूली बात से भी पति-पत्नी अलग हो गए। पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केंद्र में पांच महीने में पति-पत्नी में झगड़े के 424 मामले पहुंचे, जिनमें सिर्फ 61 मामलों में ही समझौता हो सका। जबकि 199 मामले एक पक्ष के मौजूद न होने के कारण बंद कर दिए गए।

परामर्श केंद्र में प्रतिदिन 10 से 15 शिकायतें पहुंच रही हैं। पांच महीने में केंद्र पर 424 पति-पत्नी के विवाद दर्ज हो चुके हैं। नौ मामलों में मुकदमा दर्ज हो चुका है। वहीं वर्ष 2023 में 1227 में 809 मामलों में समझौता नहीं हो सका था। काउंसलर के मुताबिक एक महीने में तीन से चार बार दंपती को केंद्र पर बुलाया जाता है। काउंसलिंग कर आपसी सुलह से विवाद निपटाने की कोशिश की जाती है। समझौता होने के बाद तीन माह तक दंपती का फीडबैक भी लिया जाता है।

> विश्वास और प्यार की कमी के कारण रिश्ते टूटने लगते हैं। परिवार के बड़ों की भी जिम्मेदारी है कि वे रिश्ता बनाए रखने में मदद करें। केंद्र पर प्रतिदिन 10 से 15 मामले पहुंच रहे हैं। परामर्श केंद्र में कानूनी कार्रवाई से पहले ज्यादा से ज्यादा मामलों को जोड़ने की कोशिश रहती है।
> -आयशा, उपनिरीक्षक, परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन

केस 1 थाना कोतवाली क्षेत्र की एक महिला का आरोप है कि विवाह के बाद से पति ने कपड़े खरीदने के लिए पैसे नहीं दिए। इसलिए वह ससुराल में रहना नहीं चाहती है। पति नए कपड़े खरीद कर देगा, तभी ससुराल जाऊंगी।

केस 2 थाना इज्जतनगर क्षेत्र के युवक का आरोप है कि उनकी शादी को तीन महीने हुए हैं। पत्नी आए दिन लड़ाई-झगड़ा करती है। पत्नी घर छोड़कर मायके चली गई है। पत्नी परिवार से अलग साथ रहने को बोल रही है।

केस 3 थाना कैंट क्षेत्र की महिला के मुताबिक उसकी शादी को पांच साल हो गए हैं। दो बेटियां होने के बाद से पति और सास का नजरिया ही बदल गया है। पति अब उसे घर पर रखना नहीं चाहता।

केस 4 थाना प्रेमनगर क्षेत्र की महिला आरोप है कि उसकी शादी एक साल पहले हुई थी। शक के चलते रिश्ते में दरार पड़ गई। दो महीने से दोनों अलग रह रहे हैं। आरोप है कि वैवाहिक जीवन में दोनों एक-दूसरे से खुश नहीं हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

कार्यालय ग्राम पंचायत टोडरपुर ब्लॉक खुटार, शाहजहाँपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत विकास योजना 2024-25 के अनुसार 15वें वित्त, केंद्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में ठोस तरल अवशिष्ट, फिल्टर चेम्बर, आर आर सी सेंटर, सिल्ट कैचर, खाद गड्ढा, सी सी रोड निर्माण/मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण/मरम्मत, नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा निर्माण/ मरम्मत मिट्टी भराव कायर्स, फर्नीचर क्रय कार्य, स्ट्रीट लाइट, स्थापना /मरम्मत, सोलर लाइट स्थापना/मरम्मत , हैंडपम्प रिबोर,/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, शौचालय घर निर्माण/मरम्मत, प्राथमिक विद्यालय जूनियर विद्यालय का कायाकल्प, स्कूल की बालबाउंड्री कार्य, सामुदायिक शौचालय का निर्माण/मरम्मत कार्य, शमशान घाट निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/मरम्मत, ठेली क्रय/मरम्मत , सैनिटाइजर क्रय, मास्क क्रय, ब्लीचिंग पाउडर क्रय, दिव्यांग शौचालय , स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत कार्य , आंगनबाड़ी केंद्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत कार्य पंचायत घर का निर्माण , पशु शेड निर्माण, सोक पिट, डैंप कम्पोस्ट खाद के गड्ढे का निर्माण, पानी की टंकी निर्माण, वाटर हावेस्टिंग आदि तमामा कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। उक्त वर्णित कार्य के लिए क्रय हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट रोड़ी/रोड़ा सीमेंट, मौरंग , रेता बजरी, लोहा, टाइल्स, पाइप , टोंटी, प्रचार -प्रसार हेतु बोर्ड, बैनर, स्टे शनरी , पटान हेतु मिट्टी/राख , ठेली सफाईकर्मी के लिए पीपीई किट, मास्क, मैनिटाइजर, फागिंग सफाई किट, कूड़ादान , डेस्कटॉप , प्रिंटर, स्टे बलाइजर, बैटरी, माइक व अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर अपरान्ह 2 बजे तक दिनांक 18.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जो उक्त दिनांक को 4:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

प्रधान-बलजीतकौर **सचिव-प्रशान्त यादव**

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति आँवला (बरेली)

पत्रांक-कृ.उ.म.स./2024-383 दिनांक : 11.06.2024

कैन्टीन नीलामी सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति आँवला (बरेली) में निर्मित कैन्टीन माह 01.07.2024 से 30.06.2025 तक के लिए खुली नीलामी दिनांक 26.06.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे मण्डी समिति आँवला के सभागार में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/फर्म मण्डी समिति आँवला कार्यालय से रु. 295.00 नकद जमा करके आवंटन प्रार्थना पत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर रु. 25000.00 (पच्चीस हजार मात्र) का नकद/बैक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक दिनांक 25.06.2024 को सायं 05:00 बजे तक मण्डी समिति आँवला के कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर दे। कैन्टीन नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में समिति कार्यालय में देखी जा सकती है। सभी धनराशि पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. देय होगी।

खडविन्द प्रकाश
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति आंवला (बरेली)

कार्यालय ग्राम पंचायत मुड़िया चौधरी विकास खण्ड भदपुरा (बरेली)

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुड़िया चौधरी, विकास खण्ड भदपुरा (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी, शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन एवं निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण,पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्डों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग,सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी. आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 15.06.2024 को 1:00 बजे खोला जाएगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-रूचि कन्नौजिया **सचिव-उमेश चन्द्र गंगवार**

कार्यालय ग्राम पंचायत भूड़ा, वि.खं. बिथरी चैनपुर (बरेली)

निविदा सूचना

पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत के वर्ष 2024-25 की कार्य योजना में पन्द्रहवां वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग तथा मनरेगा SLWM की धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, नव नाली निर्माण/नाली मरम्मत, खड़ंजा मरम्मत, मिट्टी कार्य फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाईटें स्थापना/अनुरक्षण हैण्डपम्प रिबोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, सी.एस. केन्द्र निर्माण कार्य, गौशाला निर्माण, अमृत सरोवर, वॉल पेन्टिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण, शोकपिट, नाडेप कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्डीवाल, खाद के पक्के गड्ढ़ों का निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट रोड़ी, ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेन्ट, मोरंग, रेत, बजरी, लोहा, टाईल्स, पाईप, टोंटी, स्टेशनरी, कम्प्यूटर, प्रिंटर, सी.सी.टी.वी. कैमरा, दरी, अलमारी, सोलर पैनल, बैट्री, इन्वर्टर, कुर्सी मेजर, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी/राख, सैनेटाईजिंग व फॉगिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली/मरम्मत, स्प्रे मशीन / सफाई किट /मास्क क्रय एवं पीपीआई किट एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक दिनांक 15.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 16.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-गुलशन **सचिव-शिखर गुप्ता**

कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक 11.06.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शाहपुर, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत घर बाउंड्रीवॉल, हैण्ड पम्प मरम्मत, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 15.06.2024 को अपरान्ह 1:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-महेंद्र पाल **सचिव-श्री कृष्ण**

कार्यालय ग्राम पंचायत मोहिद्दीनपुर, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक 11.06.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोहिद्दीनपुर, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्डों का निर्माण, हैंण्ड पम्प एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, हैण्ड पम्प मरम्मत, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 15.06.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-कुंती चौहान **सचिव-श्री कृष्ण**

कार्यालय ग्राम पंचायत सिमरावा, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

देहरादून, अमृत विचार : चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की मौत का सिलसिला जारी है। मंगलवार को केदारनाथ, बदरीनाथ व यमुनोत्री धाम में पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई। चारधाम यात्रा में अब तक 110 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। केदारनाथ और बदरीनाथ में मंगलवार को चार तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। इसमें दो मौत केदारनाथ में व दो मौत बदरीनाथ में हुई हैं। चारधाम यात्रा के दौरान अब तक केदारनाथ में सबसे ज्यादा 54 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। वहीं बदरीनाथ में 25 और गंगोत्री में आठ तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है। इधर, यमुनोत्री में धाम की यात्रा पर गुजरात से आई एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। यमुनोत्री धाम में अब तक 24 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हुई है। इस बार चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में बेहद उत्साह है।

पर्यटकों की कार बनी आग का गोला, पुलिस ने बचाई 6 की जान

देहरादून, अमृत विचार : नेहरू कॉलोनी में चलती कार आग का गोला बन गई। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने सक्रियता दिखाते हुए कार में फंसे 6 लोगों को बाहर निकाला, जिससे बड़ी घटना होने से बच गई। कार सवार बिजनौर से देहरादून घूमने के लिए आए थे। नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र में बिजनौर के पर्यटक कार से सहस्त्रधारा घूमने जा रहे थे। तभी विधानसभा तिराहे के पास एक कार में एकाएक आग लग गई। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी, जिससे उसमें सवार फंस गए। कार में आग लगते ही आसपास ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने की जुगत में लग गए। पुलिस कर्मियों ने जैसे-तैसे कार में सवार लोगों को बाहर निकाला। कार में छह लोग सवार थे। इस बीच वहां पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। मुख्य मार्ग पर कार में आग लगने से यातायात भी बाधित रहा। लेकिन पुलिस कर्मियों की सक्रियता से जनहानि से बचाव हो गया।

लापता छात्र की बरामदगी पर एक लाख रुपये इनाम

पंतनगर, अमृत विचार : विवि के शिवालिक भवन छात्रावास से शुक्रवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए एमटेक छात्र राघवेंद्र सिंह परमार का मंगलवार शाम तक कोई पता नहीं चला। जबकि छात्र की बरामदगी पर एक लाख रुपये इनाम की घोषणा की गई है। खोजबीन में विवि प्रशासन सहित एसपी सिटी मनोज कत्याल के नेतृत्व में पुलिस की तीन टीमें लगी हैं। त्रिवेणीपुरम झूंसी, प्रयागराज (यूपी) निवासी राघवेंद्र सिंह परमार (24) पुत्र रणंजय सिंह परमार जीबी पंत कृषि विवि के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में एमटेक (सिविल इंजीनियरिंग) प्रथम वर्ष का छात्र है और शिवालिक भवन छात्रावास के कमरा नंबर-202 में रहकर पढ़ाई कर रहा था। राघवेंद्र शुक्रवार दोपहर 12 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। उसका मोबाइल बंद मिलने पर वार्डन और सुरक्षा कर्मियों ने राघवेंद्र की संभावित जगहों पर तलाश की थी।

कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम नलकूप उपखण्ड टनकपुर

पत्रांक : 47 / सहा. अभि. प्र. / निविदा / 2024/ दिनांक : 07-06-2024

अल्पकालीन निविदा संख्या 04/सहा0 अभि0 प्रथम / 2024 दिनांक / 07-06-2024

उत्तराखण्ड प्रदेश राज्यपाल महोदय की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी ("डी" अथवा "उच्चतर") के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 21-06-2024 अपरान्ह 04.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। यह निविदायें समाचार पत्र में प्रकाशित होने के बाद से दिनांक 21-06-2024 तक सहायक अभियन्ता प्रथम नलकूप उपखण्ड टनकपुर के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त की जा सकती हैं, जो दिनांक 22-06-2024 को अपरान्ह 12.00 बजे तक टैण्डर बॉक्स में डाली जा सकती है। जो अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 22-06-2024 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेंगी। यह निविदायें सील्ड कवर में भेजी जायेंगी। विलम्ब से प्राप्त निविदायें स्वतः निरस्त मानी जायेंगी। निविदा के लिफाफे के ऊपर स्पष्ट शब्दों में निविदा दिनांक अंकित होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि डाकघर की राष्ट्रीय बचत पत्र टी०डी०एस० अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक की फिक्स डिपोजिट के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, टनकपुर (चम्पावत) के नाम से बन्धक बनाकर लानी होगी। दोनों लिफाफे पर स्पष्ट विवरण अंकित करना होगा। बिना धरोहर धनराशि जमा किये एवं सशर्त निविदायें मान्य नही होंगी। अधोहस्ताक्षरी के पास कोई भी निविदा अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा प्रपत्र के साथ रू० 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक रूपये का रैवन्यू टिकट लगाकर दरों की वैधता अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा। यदि निविदा खोलने के दिनांक को कोई राजकीय अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	निविदा की वैधता	धरोहर राशि (रू.)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. अतिरिक्त (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि/ दिवस
1	2	3	4	5	6
1	जिला योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के विकासखण्ड चम्पावत के ग्राम लोडियालसेरा में लि०सिं०यो० लोडियालसेरा में 125 एम०एम०, एम०एस० पाईप की आपूर्ति करने एवं पाईप लाईन बिछाने का कार्य।	60 दिवस	26000/-	1000+18% जी.एस.टी.	05 माह
2	जिला योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के विकासखण्ड चम्पावत के ग्राम लोडियालसेरा में लि०सिं०यो० लोडियालसेरा में 100 एम०एम०, एम०एस० पाईप की आपूर्ति करने एवं पाईप लाईन बिछाने का कार्य।	60 दिवस	26000/-	1000+18% जी.एस.टी.	05 माह
3	जिला योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के विकासखण्ड चम्पावत के ग्राम फुर्कियाझाला में लि०सिं०यो० फुर्कियाझाला में 100 एम०एम०, एम०एस० पाईप की आपूर्ति करने एवं पाईप लाईन बिछाने का कार्य।	60 दिवस	26000/-	1000+18% जी.एस.टी.	05 माह
4	जिला योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के विकासखण्ड चम्पावत के ग्राम मनिहारगोठ में नलकूप सं0-119 टी०जी० में ईट की गूल के पुर्ननिर्माण का कार्य।	60 दिवस	10000/-	500+18% जी.एस.टी.	02 माह
5	जिला योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के विकासखण्ड चम्पावत के ग्राम चिड़ियाघोल में नलकूप सं0-140 टी०जी० में ईट की गूल के पुर्ननिर्माण का कार्य।	60 दिवस	15000/-	500+18% जी.एस.टी.	02 माह
6	जिला योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के विकासखण्ड चम्पावत के ग्राम बस्टिया में नलकूप सं0-125 टी०जी० में ईट की गूल का निर्माण कार्य।	60 दिवस	21000/-	1000+18% जी.एस.टी.	02 माह

नोट : अन्य शर्ते कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, नलकूप उपखण्ड टनकपुर में देखी जा सकती है।

सहायक अभियन्ता प्रथम
नलकूप उपखण्ड टनकपुर

कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय नलकूप खण्ड टनकपुर

पत्रांक : 69 / सहा. अभि. द्वि. / निविदा / 2024-25 / दिनांक : 10-06-2024

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 01 / सहा0 अभि0 द्वि0/2024-25

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों की मुहरबन्द निविदायें दिनांक 25-06-2024 तक वर्णित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आंमत्रित की जाती है, जो दिनांक 25-06-2024 को अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदा टैण्डर बॉक्स में डाली जायेंगी तथा उसी दिन अपरान्ह 1.30 बजे अपरान्ह अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा सहायक अभियन्ता द्वितीय, उपखण्ड चम्पावत के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 24-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक निर्धारित मूल्य (18 प्रतिशत जी०एस०टी० सहित) जमाकर, इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा दो बिड प्रणाली में होगी। धरोहर धनराशि डाकघर की राष्ट्रीय बचत पत्र अथवा राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ०डी०आर०, टी०डी०आर० एवं सी०डी०आर० के रूप में, जो कि अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड टनकपुर के नाम बन्धक होगी। धरोहर अथवा जनानत राशि के रूप में बैंक गारण्टी स्वीकार नहीं की जायेगी। बिना धरोहर धनराशि जमा किये तथा सशर्त निविदायें अमान्य होंगी। अधोहस्ताक्षरी के पास सम्बन्धित निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। बिड के साथ रू० 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प जिस पर रू० 100 का रेवेन्यू स्टाम्प लगा हो, पर दरों की वैधता 3 माह तक अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा। निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो जाने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित मात्रा	धरोहर राशि (रू.)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. अतिरिक्त (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि/ दिवस	कार्य हेतु ठेकेदार की आवश्यक श्रेणी
1	जिला योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत में झालाकुडी लिफ्ट सिंचाई योजना हेतु 100 mm एम एस पाइपलाइन की आपूर्ति एवं बिछाने का कार्य।	1 जॉब	25400.00	1000.00+ जी.एस.टी.	03 माह	श्रेणी 'सी' या उच्चतर
2	जिला योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत में झालाकुडी लिफ्ट सिंचाई योजना हेतु 100 mm एम एस पाइपलाइन की आपूर्ति एवं बिछाने का कार्य।	1 जॉब	25400.00	1000.00+ जी.एस.टी.	03 माह	श्रेणी 'सी' या उच्चतर
3	जिला योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत में चौडी लिफ्ट सिंचाई योजना में विस्तारीकरण हेतु 100 mm एम एस पाइपलाइन की आपूर्ति, बिछाने का कार्य।	1 जॉब	25400.00	1000.00+ जी.एस.टी.	03 माह	श्रेणी 'सी' या उच्चतर
4	जिला योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत में बांस बसवाडी लिफ्ट सिचाई योजना हेतु 100 mm एम एस पाइपलाइन की आपूर्ति एवं बिछाने का कार्य।	1 जॉब	25400.00	1000.00+ जी.एस.टी.	03 माह	श्रेणी 'सी' या उच्चतर
5	जिला योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत में बौतडी लिफ्ट सिंचाई योजना हेतु 100 mm एम एस पाइपलाइन की आपूर्ति, बिछाने का कार्य।	1 जॉब	25400.00	1000.00+ जी.एस.टी.	03 माह	श्रेणी 'सी' या उच्चतर
6	जिला योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत में पडंगा लिफ्ट सिचाई योजना हेतु 100 mm एम एस पाइपलाइन की आपूर्ति, बिछाने का कार्य।	1 जॉब	25400.00	1000.00+ जी.एस.टी.	03 माह	श्रेणी 'सी' या उच्चतर

नोट : अन्य शर्ते कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय, उपखण्ड चम्पावत में देखी जा सकती हैं।

सहायक अभियन्ता द्वितीय
नलकूप खण्ड टनकपुर

13 से 20 जून तक होगी पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा

लखनऊ, अमृत विचार : 2024 की पॉलिटेक्निक की प्रवेश परीक्षा कराने की पूरी तैयारी कर ली गई है। यह कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा तीन पालियों में 13 से 20 जून तक होगी। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने बताया कि पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए 4 लाख 12 हजार 759 अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। यह परीक्षा तीन पॉलियों प्रातः 08 से 10:30 बजे तक, दोपहर 12 से 02:30 बजे तक एवं अपराह्न 04 से 06:30 बजे तक होगी। विशेष सचिव प्राविधिक शिक्षा अन्नावि दिनेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि 13 जून से 15 जून तक ग्रुप-ए का 07 पालियों में, 15 जून से 18 जून तक ग्रुप-ई का 06 पालियों में तथा अन्य ग्रुप 18 जून को दो पालियों में परीक्षाएं होंगी। ये परीक्षा सभी जिलों के 207 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। ये परीक्षा 17 जून के दिन राजपत्रित अवकाश होने कारण परीक्षा स्थगित रहेगी। 19 और 20 जून को आरक्षित दिवस के रूप में रखा गया है।

लखीमपुर खीरी में होगा हवाई पट्टी का विस्तार

ओबरा पावर प्लांट की अनुमानित लागत बढ़ी, 1000 करोड़ का लोन लिया जाएगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव आचार संहिता लगने के दौरान शिथिल पड़ गईं परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जायेगा। मंगलवार को लोकभवन में राज्य मंत्रिमंडल की चुनाव के बाद पहली कैबिनेट बैठक हुई। इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए।

एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कैबिनेट ने ओबरा के पावर प्लांट की लागत बढ़ाने को मंजूरी दे दी। पहले इसकी लागत 11705 करोड़ रुपए थी, अब 13005 करोड़ रुपए लागत हो गई है।

इसी के साथ बिजली विभाग में लोन लेने के लिए 1000 करोड़ का लोन 9.5 फीसद की दर से हुडको से लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल से जलशक्ति विभाग की 26 परियोजनाओं को भी हरी झंडी दिखायी गई। इनमें ललितपुर, झांसी, महोबा, मिर्जापुर, महोबा



लोकभवन में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- **मंत्रिमंडल से जलशक्ति विभाग की 26 परियोजनाओं को भी हरी झंडी**

जैसे जिलों से जुड़ी परियोजनाओं को मिली मंजूरी मिली है। ज्यादा परियोजनाएं नमामि गंगे से जुड़ी हैं। लखीमपुर में हवाई पट्टी के विस्तार को भी कैबिनेट से मंजूरी दी गई है। यहां हवाई अड्डा बनाए जाने के तहत गांवों की 655 एकड़ ज़मीन अधिग्रहण की जाएगी। इसके लिए 271 करोड़ रुपए को मंजूरी मिली है। मंत्रिमंडल की बैठक में जिन 41 प्रस्तावों पर मुहर लगी है उनमें से 26 प्रस्ताव जल संसाधन विभाग के हैं। सरकार की यह पहली पेपरलेस कैबिनेट बैठक हुई है। इसमें सभी मंत्री टैबलेट के साथ पहुंचे थे। लोकसभा चुनाव के चलते चार महीने से कैबिनेट की बैठक नहीं हुई थी। चुनाव अधिसूचना से पहले 5 मार्च को आखिरी बैठक हुई थी।

प्रदेश में बिजली की खपत 29,500 मेगावाट पहुंची

लखनऊ, अमृत विचार : भीषण गर्मी में प्रदेश में अधिकतम बिजली मांग का पिछला रिकॉर्ड टूट गया। मंगलवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,500 मेगावाट पर पहुंच गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने भारी मांग को देखते हुए जल्द ही मांग के 30 हजार मेगावाट पर पहुंचने की संभावना जताई है। कॉरपोरेशन सूत्रों के अनुसार बीते चार जून को बिजली की अधिकतम मांग 29,344 मेगावाट दर्ज हुई थी, पर मंगलवार को यह रिकॉर्ड टूट गया। मंगलवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,500 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 22,779 मेगावाट रही। सूत्रों का कहना कि गर्मी के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है, क्योंकि गर्मी से राहत के लिए एयर कंडीशनर का इस्तेमाल बढ़ गया है। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति को काबू करने का प्रयास किया जा रहा है।

सांसदों-मंत्रियों के खराब प्रदर्शन की रिपोर्ट हो रही तैयार

लखनऊ, अमृत विचार: लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद से लगातार उप्र. में भाजपा को मिली हार के कारण तलाशने की कवायद में पार्टी जुटी है। इसी कड़ी में राज्य में चुनाव में हारे हुए अपने मंत्रियों और सांसदों के प्रदर्शन की रिपोर्ट भी पार्टी तैयार करेगी। सूत्रों के अनुसार ऐसी रिपोर्ट जलद ही केंद्रीय नेतृत्व को सौंपी जानी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पहले मंत्रिगण इस विषय पर जानकारियां ले चुके हैं। इस लोस चुनाव में भाजपा ने 80 लोकसभा सीटों में केवल 33 सीटों पर विजय हासिल की जबकि, 2019 के चुनाव में भाजपा ने 63 सीटों पर जीती थी। इस बार हारने वाले प्रत्याशियों में सात भाजपा सरकार के मंत्री भी शामिल थे।

ऑनलाइन गेम से करोड़ों ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 12 गिरफ्तार

प्रयागराज, एजेंसी : प्रयागराज पुलिस ने बड़े पैमाने पर ऑनलाइन गेम के माध्यम से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 12 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 42 मोबाइल फोन, 52 सिम कार्ड, पांच लैपटॉप और ढाई करोड़ रुपये की काली कमाई का बहीखाता बरामद किया है।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी-यमुना नगर) श्रद्धा नरेन्द्र पांडेय ने मंगलवार को बताया कि कोतवाली नैनी पुलिस और एसओजी-यमुनानगर की संयुक्त टीम ने सोमवार को एक मुखबिर की सूचना पर महेवा के पूरब पट्टी कब्रिस्तान के पास एक मकान से सोमवार को इन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सूरज चौरसिया (प्रतापगढ़), पीयूष यादव (गाजीपुर), घनश्याम वर्मा (बिलासपुर, छत्तीसगढ़), हिमांशु यादव (गाजीपुर), मनीष निषाद (बालोद छत्तीसगढ़), अजीम फरीद (गाजीपुर), शादाब (गाजीपुर), प्रवीण वर्मा (बिलासपुर, छत्तीसगढ़), विजय निषाद (बालोद छत्तीसगढ़), राहुल कामले (बिलासपुर), मोहम्मद समीर (भदोही) और आशुतोष यादव (गाजीपुर) के रूप में हुई है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि ये लोग गेमिंग एप साइट का इंस्टाग्राम, फेसबुक और मल्टीमीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल कर नवयुवकों को लुभावने स्लोगन देकर और पैसा कमाने का लालच देकर गेम खिलाते थे और जब छोटी -मोटी रकम जीतने पर लोग बड़ा दांव लगा देते थे, तब वे लाखों रुपये की ठगी का शिकार हो जाते थे। ये आरोपी एक दिन में आठ लाख रुपये से लेकर 25 लाख रुपये तक की ठगी करते थे।

संगीत सोम ने संजीव बालियान पर किया पलटवार

मेरठ, एजेंसी : मुजफ्फरनगर संसदीय क्षेत्र से चुनाव हार जाने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने सोमवार को जहां बिना नाम लिए संकेतों में सरधना क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक संगीत सोम पर भितरघात का आरोप लगाया, वहीं बालियान ने एक दिन बाद उन पर पलटवार किया है। पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता संगीत सोम ने बालियान के आरोपों पर मंगलवार को कहा कि संजीव बालियान का मीडिया के समक्ष मेरे ऊपर यह आरोप लगाना कि मैंने पार्टी को हराया और सपा के उम्मीदवार को चुनाव लड़ाया है, पूरी तरह गलत है।

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने सोमवार को मुजफ्फरनगर में पत्रकारों से बातचीत में बिना नाम लिए सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम की तरफ इशारा करते हुए कहा था कि कि उन्होंने (सोम) सपा को चुनाव लड़ाने का

संजीव बालियान।

संगीत सोम।

- **मैने पार्टी को नहीं हरवाया, सपा का चुनाव भी नहीं लड़ाया: संगीत**

काम किया है। बालियान ने अपनी हार का कारण बताते हुए कहा था कि हार का मुख्य कारण मुसलमानों का ध्रुवीकरण, हिंदू मतों में बंटवारा और चुनाव प्रतिशत कम होना रहा। चुनाव में भितरघात के सवाल पर उन्होंने कहा कि कुछ जयचंद और विभीषण भी जनता के बीच गए, कुछ लोग शिखंडी की तरह नजर आए।

बालियान के इन आरोपों के एक दिन बाद आज यहां सोम ने कहा कि सच्चाई यह है कि पार्टी सरधना में हारी नहीं है, बल्कि करीब-करीब बराबर रही है। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी का समर्थित और समर्पित कार्यकर्ता हूं। मैं संजीव बालियान को यह सलाह भी दूंगा कि अगर कोई बात भी है तो पार्टी के मंच पर करें, न कि मीडिया के सामने।' सोम ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह तरीका है और फिर मेरी जिम्मेदारी केवल और केवल सरधना विधानसभा क्षेत्र की थी, जहां पर पार्टी नहीं हारी है। करीब-करीब बराबर रही है। जहां हम हारे हैं, समीक्षा वहां होनी चाहिए। संजीव बालियान ये भी बताएं कि वह बुढ़ाना और चरथावल क्यों हारे। मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र में आने वाली पांच विधानसभा सीट में बुढ़ाना, चरथावल, मुजफ्फरनगर और खतौली चार सीट इसी जिले की हैं, जबकि सरधना विधानसभा सीट मेरठ जिले से आती है। मुजफ्फरनगर लोस क्षेत्र में भाजपा के बालियान ने 2014 में बसपा के कादिर राणा व 2019 में राष्ट्रीय लोकदल के चौधरी अजित सिंह को पराजित किया था।

सार-संक्षेप

शादी अनुदान योजना में आय सीमा एक लाख हुई

लखनऊ, अमृत विचार : पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से संचालित शादी अनुदान योजना में बड़ी राहत दी गई है। योजना का लाभ लेने वाले परिवारों की आय सीमा बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी गई है। बता दें कि अभी तक उक्त योजना के तहत शहरी क्षेत्रों के 56,460 रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों के 46,080 रुपये की सालाना आय वाले परिवार ही शादी अनुदान योजना के लिए आवेदन कर सकते थे। अब दोनों के लिए आय सीमा बढ़ाकर एक लाख रुपये सालाना कर दी गई है। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री की ओर से बुलाई गई बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में 154 पद रिक्त हैं। विभागीय मंत्री नरेंद्र कश्यप ने रिक्त पदों को जल्द भरने के निर्देश दिए।

फर्जी नियुक्तियों की जांच शुरू, निदेशक ने मांगा जवाब

लखनऊ, अमृत विचार : छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से संबद्ध महाविद्यालय में फर्जी नियुक्तियों की जांच शुरू हो गई है। निदेशक उच्च शिक्षा ने महाविद्यालय प्रबंधन और बेसिक शिक्षा विभाग ने शपथ पत्र के साथ जवाब तलब किया है। मामला तब पकड़ में आया जब वेतन निकासी के लिए शिक्षकों ने एक ही पैन कार्ड का इस्तेमाल किया। यह महाविद्यालय कानपुर देहात जिले में हैं। मामले की जानकारी होने के 48 घंटे के भीतर निदेशालय ने संज्ञान लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। अमृत विचार ने इस जालसाजी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

एसी फटा, कार शोरूम में भीषण आग

मुजफ्फरनगर, एजेंसी। मुजफ्फरनगर बाईपास के पास एक कार शोरूम में एसी के फटने से भीषण आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए तीन जिलों से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाईं गईं। साढ़े पांच घंटे बाद भी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है। शोरूम मुजफ्फरनगर के व्यवसायी संचित गोयल का बताया जा रहा है। हादसे के समय शोरूम के सर्विस सेंटर पर 200 गाड़ियां सर्विस के लिए आई हुई थीं। लगभग 100 से ज्यादा कर्मचारी मौजूद थे।

उपेक्षित जिलों में विवि खोलने को तैयार होगी पॉलिसी

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश के उपेक्षित जिलों में विश्वविद्यालय खोलने के लिए राज्य सरकार नई पॉलिसी बनाएगी। देश के टॉप विश्वविद्यालयों व विदेशी विश्वविद्यालयों को प्रदेश में विश्वविद्यालय खोलने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इससे प्रदेश के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए अधिक विकल्प मिल सकेंगे। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस सिलसिले में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किये। वह मंगलवार को विधानभवन में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

125 करोड़ रुपये से बदलेगी छात्रावासों की सूरत

लखनऊ, अमृत विचार : बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना के तहत प्रदेश में छह नए छात्रावास बनेंगे। साथ ही प्रदेश में संचालित 221 छात्रावासों को 125 करोड़ रुपये की लागत से कायाकल्प होगा। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने मंगलवार को विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि आधारभूत सुविधाओं के लिए समस्त छात्रावासों को 2-2 लाख एवं सर्वोदय छात्रावासों को 5-5 लाख की धनराशि समान रूप से दी जा रही है। उन्होंने विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर आवश्यकतानुसार बजट उपलब्ध कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। मेस, शौचालय जैसी सुविधाएं मानक के अनुरूप प्रदान करने के लिए विभाग अन्य राज्यों में किए जा रहे कार्यों का अध्ययन कर रहा है। जिसके आधार पर सभी छात्रावास मॉडल के रूप में होंगे।

रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया लेखपाल

बाराबंकी, अमृत विचार : जिले में मंगलवार को एंटी करप्शन अयोध्या मंडल टीम ने दाखिल खारिज की रिपोर्ट लगाने के नाम पर रिश्वत ले रहे लेखपाल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। नवाबगंज तहसील क्षेत्र के भयारा में तैनात राजस्व लेखपाल मनोज कुमार सिंह निवासी फतेहपुर दाखिल खारिज की रिपोर्ट लगाने के नाम पर मनोज आनंद से 50 हजार रुपये रिश्वत मांग रहा था। मामला 20 हजार पर आकर तय हुआ। आनंद ने एंटी करप्शन टीम को मामले की जानकारी दी थी।

विद्यालय में हैं या गायब बता देगा चेहरा

लखनऊ, अमृत विचार : आश्रम पद्धति विद्यालय में अध्यापक समय से पहुंचें और कक्षाओं में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें इसके लिए बायोमैट्रिक्स (फेस रेकग्निशन) लगा दी गई हैं। अध्यापकों की उपस्थिति अब इसी से दर्ज होगी। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। विद्यालय आने के बाद अध्यापक उपस्थिति पंजिका में उपस्थिति दर्ज करने के बाद नदारद हो जाते थे। साथ ही कई अध्यापक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते थे। इसकी शिकायतें लगातार मिलने के बाद बायोमैट्रिक्स लगाने की कार्ययोजना बनाई गई और उसको अमली जामा पहना दिया गया। एक जुलाई से विद्यालय खुलने के साथ ही बायोमैट्रिक्स (फेस रेकग्निशन) से उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

बुजुर्ग की मौत के बाद जागा विभाग, लगवा दिए पोल

पहले की स्थिति।

अब पोल लगाकर बिछा दी लाइन।

संवाददाता, मितौली।

अमृत विचार: क्षेत्र के रामनगर फीडर पर विद्युत विभाग की लापरवाही से बुजुर्ग की मौत के बाद महकमा की नींद टूट गई है और अब बिजली पोल लगवा दिए गए हैं। दरअसल, एक सूखे पेड़ की टहनियों पर इंसुलेटर बांधकर 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन दौड़ा दी गई थी, जिससे सात जून को इंसुलेटर पर बंधा तार नीचे आने से उसकी चपेट में आने से बुजुर्ग की जान चली गई थी। मामला मीडिया की सुर्खियों में आया तो विभागीय कार्रवाई में अवर अभियंता को निलंबित, जबकि संविदा कर्मचारी की संविदा समाप्त कर दी गई।

अमृत विचार ने अपने नौ जून के अंक में पेड़ की टहनियों से बिछाया तार, करंट से बुजुर्ग की मौत शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी।

सौहार्द्र मजबूत करने को मंथन करेंगे मुस्लिम बुद्धिजीवी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार आपसी भाईचारा कायम हुआ है, मुसलमान अब उस भाईचारे को बिगड़ने नहीं देंगे। कैसे हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई के बीच आपसी सौहार्द और बढ़ाया जाए, इसपर मंथन करने के लिए अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के रिटायर प्रोफेसर, देशभर के बुद्धिजीवी बुधवार को अलीगढ़ में बैठक करने जा रहे हैं। इस बैठक में बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के संस्थापक सदस्य एवं खानकाह हजरत दादा मियां के नायब सज्जादानशीन सैयद अबुल बरकात नजमी भी शिरकत करेंगे।

बेकनगंज दादा मियां चौराहा पर स्थित मजार शरीफ के नायब सज्जादानशीन सैयद अबुल बरकात नजमी ने बताया कि अलीगढ़ में बुधवार को बुद्धिजीवियों की एक मीटिंग होगी। उन्होंने अमृत विचार

- **देशभर के मुस्लिम बुद्धिजीवी बुधवार को अलीगढ़ में बैठक करने जा रहे**

संवाददाता से बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव में बड़ी मुश्किल से नफरत की दीवार ढही है, ऐसे में जरूरत इस बात की है कि इन नफरत की दीवार को दुबारा कोई नहीं चुन सके। उन्होंने कहा कि हमारा मुल्क एक ऐसा गुलदस्ता है जिसमें तरह तरह के फूल खिलते हैं। ऐसे गुलदस्ते को किसी की नजर लग गई थी लेकिन अब इस गुलद्स्ते को सींचने के लिए मुसलमानों की भी जिम्मेदारी है कि वह आपसी भाईचारे को बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि ये अच्छा मौका है, अपने गैर मुस्लिम भाइयों के दुख-सुख में शामिल हों। जब कभी मुसलमानों पर कोई आफत या मुसीबत आई है तो हमारे हिंदू भाई, सिख भाई और ईसाई समुदाय के लोग कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होते हैं।

करहल से इस्तीफा दे संसद में हुंकार भरेंगे अखिलेश

सैफई, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद सपा अब देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। जो रास्ता डॉ. लोहिया और नेताजी ने समाजवादियों को दिखाया है उसी रास्ते पर चलकर सपा दलित, किसान, मजदूर और कमजोर तबके से जुड़े लोगों की आवाज बनेगी और पार्टी की गूंज दिल्ली की संसद में सुनाई देगी। अखिलेश यादव ने ये बातें सैफई पहुंचकर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दो स्थानों से चुनाव जीतने के बाद संवैधानिक व्यवस्था के तहत एक जगह से इस्तीफा देना होता है। उन्होंने करहल विधानसभा सीट से इस्तीफा देने का फैसला लिया है। नेता प्रतिपक्ष कौन होगा इस सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए कौन व्यक्ति महत्वपूर्ण होगा यह पार्टी स्तर पर तय किया जाएगा।

वर्ग पहेली-98

बाएं से दाएं

1. 1. युग के अनुकूल, समय के अनुसार 2. प्रासंगिक।
5. 1. चिट्ठी-पत्री या हिसाब-किताब लिखने वाला कर्मचारी, मुहर्रिर 2. लिपिक, लेखक।
8. मछली पकड़ने का जाल।
9. 1. बच्चों द्वारा नकियाकर धीरे-धीरे रोने की आवाज़ 2. अस्पष्ट स्वर में ठहर-ठहरकर रोने की ध्वनि।

ऊपर से नीचे

2. 1. दूसरों के साथ किया जाने वाला छल या कपट, धोखा, धूर्तता 2. हल का फाल 3. वेणी, कबरी, जूड़ा 4. बाहर की ओर निकला हुआ भाग, उठान, उभार।
3. जिसकी सिंचाई हो चुकी हो, सींचा हुआ।
4. छुनन-मुनन।
6. श्येनपक्षी, बाज़।
7. नौकर, सेवा करने वाला।



वर्ग पहेली -97 का हल

1 ना	जी	■	2 हँ	3 स	न	■
■	■	4 खु	■	ह	■	5 गं
6 ऐ	■	ट	■	यो	■	धा
7 लो	को	प	यो	गी	■	ना
पै	■	न	■	■	8 नि	■
थ	■	■	9 घा	■	ढा	■
■	■	10 अ	न	सु	ल	झी

सुडोकू -11

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		5	7					2
7				8	6		5	
		4		9		6		3
		3			1		6	
		9	4		7	8		
	1		9			5		
9		6		4		7		
	4		1	2				6
8					9	4		

सुडोकू - 10 का हल

8	1	3	9	5	6	2	7	4
7	5	2	3	1	4	6	9	8
4	9	6	7	2	8	1	5	3
3	6	7	5	9	1	4	8	2
5	8	4	6	3	2	9	1	7
9	2	1	4	8	7	5	3	6
2	4	8	1	7	9	3	6	5
1	7	5	2	6	3	8	4	9
6	3	9	8	4	5	7	2	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 19.16 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 13 जून 02.12 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

मेष — आज अनावश्यक क्रोध करने से स्वजन आपके प्रति शत्रुवत हो सकते हैं। प्रेम संबंधों के लिए दिन शुभ नहीं है। जॉब में अधिकारियों से आपको संबंध अच्छे रखने चाहिए। अपनी वस्तुओं को संभालकर रखें। पेट दर्द की समस्या हो सकती है।

वृष — आज नया कारोबार शुरू करने के लिए दिन शुभ नहीं है। मन में काम को लेकर उत्साह कम हो सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। गुप्त विद्याओं की तरफ आपका रुझान बढ़ सकता है।

मिथुन — आज घर के वास्तु में कुछ सुधार आदि कर सकते हैं। आप काफी सोच-समझकर भविष्य की योजना बनाएंगे। मित्रों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। दिन शुभ रहेगा। यद्यपि आपके ऊपर जवाबदेही बढ़ेगी, किंतु आप फिर भी काफी उत्साहित रहेंगे।

कर्क — आज आपके कार्य धीमी गति से होंगे। इसीलिए आपको काफी धैर्य रखने की आवश्यकता है। यात्राओं के दौरान आपको परेशानी का अनुभव होगा। आपको बातचीत के दौरान विनम्र रहना सीखना होगा। सहयोगी कर्मचारियों से विवाद होने की आशंका है।

सिंह — आज दूसरों के झगड़ों में अपना समय बर्बाद न करें। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आप उत्साहपूर्वक अपना काम कर पाएंगे। निवेश को लेकर जल्दबाजी न करें। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आप धार्मिक विषयों को लेकर काफी सक्रिय हो सकते हैं।

कन्या — आज क्रोध के कारण आपको नुकसान हो सकता है। ऐसे लोगों से संपर्क में न रहें, जो आपको गुस्से के लिए उकसाते हों। व्यवसाय में नवीन प्रयोग करने से बचें। अधीनस्थ कर्मचारियों से आपको सावधान रहना चाहिए। मन में उत्साह का अभाव रहेगा।

तुला — आज आप काफी अध्यात्मिक रहेंगे। जॉब में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। विदेश से कारोबार या नौकरी को लेकर आपको मौके मिल सकते हैं। नई तकनीक के प्रति आपका आकर्षण बढ़ेगा। संभव है कि आप किसी डिवाइस पर धन खर्च करें।

वृश्चिक — आज व्यापार में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। मित्रों का काफी सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में सफलता मिल सकती है। जॉब में पदोन्नति के योग बन सकते हैं। आपको प्रबुद्ध व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

धनु — आज व्यवसाय में आपकी सक्रियता बढ़ेगी, किंतु आपको ज्यादा निवेश करने से बचना चाहिए। अपने संपर्कों को बढ़ाने का प्रयास करें। आपका मन काम में नहीं लगेगा। आप कुछ दूसरे कार्यों की तरफ प्रवृत्त हो सकते हैं।

मकर — आज अपनी गुप्त बातों को किसी से शेयर न करें। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। बाहर का भोजन करने से आपको बचना चाहिए। आप आपको सिरदर्द की समस्या हो सकती है। अनावश्यक भागदौड़ के कारण आपको थकान की अनुभूति होगी।

कुंभ — आज व्यवसाय काफी लाभप्रद रहने वाला है। जीवनसाथी आपको कड़ी सलाह दे सकता है, किंतु यह आपके लिए लाभप्रद अवश्य होगी। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। कार्यक्षेत्र में उत्तम सफलता मिलेगी। आपके सहयोगी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

मीन — आज कुछ कार्यों के उलझने के योग बन रहे हैं। लोन वगैरह लेने से आपको बचना चाहिए। नौकरी को लेकर चिंता और तनाव हो सकता है। अपनी वाणी में विनम्रता का भाव रखें। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- आज का रावण — सुबह : 08.00
- होते होते प्यार हो गया — रात : 07.00

&pictures
- सत्यप्रेम की कथा — सुबह : 11.11
- लव हॉस्टल — रात : 08.00

SONY PIX
- वेनम — सुबह : 11.10
- होटल ट्रान्सिलवेनिया 3 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- चेन्नई वर्सेस चाइना — सुबह : 09.00
- हॉलीडे — दोपहर : 02.10

colors CINEPLEX
- राजा हिन्दुस्तानी — सुबह : 11.37
- जब वी मेट — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर दोपहर : 02.10 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया।
ऑपरेटर- आपको क्या समस्या है?
पत्नी- मेरे पैर की उंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है।
ऑपरेटर- और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
पत्नी- नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।
ऑपरेटर चुप!

कोयल ने कौवे से पूछा- तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला- बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↑
बंद हुआ	76,456 .59	23,264 .85
नुकसान/बढ़त	33 .49	5 .65
प्रतिशत में	0 .04	0 .02

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, बुधवार, 12 जून 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 960 फ्लैग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 945 फ्लैग 1060 बोल्ड 1105 डीएमओ 850।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2085, राज श्री 1400, फॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1980, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1670, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1670, चक्र टिन 1895, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1910, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 36000, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**-डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज (नई) 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

भारत अगले 3 साल तक सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा: विश्व बैंक

वैश्विक रिपोर्ट के मुताबिक आर्थिक वृद्धि बढ़कर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्व बैंक ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि भारत अगले तीन वर्षों में 6.7 प्रतिशत की स्थिर वृद्धि दर्ज करते हुए सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

विश्व बैंक की नवीनतम वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि बढ़कर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह विश्व बैंक के जनवरी में जताए गए पिछले अनुमान से 1.9 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही विश्व बैंक ने वर्ष 2024 में वैश्विक आर्थिक

वृद्धि के 2.6 प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान जताया। उसने कहा कि अगले दो वर्षों में वैश्विक वृद्धि बढ़कर औसतन 2.7 प्रतिशत तक हो जाएगी। हालांकि, यह भी कोविड-19 से पहले के दशक के 3.1 प्रतिशत से काफी कम होगी। रिपोर्ट के मुताबिक-इस पूर्वानुमान का मतलब है कि 2024-26 के दौरान दुनिया की 80 प्रतिशत से अधिक आबादी और वैश्विक जीडीपी वाले देश कोविड-19 से पहले के दशक की तुलना में धीमी गति से बढ़ रहे होंगे। दक्षिण एशिया क्षेत्र में वृद्धि वर्ष 2023 में 6.6 प्रतिशत रही थी और इसके वर्ष 2024 में सुस्त पड़कर 6.2 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है। इस सुस्ती के पीछे का मुख्य कारण हाल के वर्षों में उच्च आधार से भारत की वृद्धि दर में आई नरमी होगी। हालांकि, विश्व बैंक को भारत में स्थिर वृद्धि दर के साथ 2025-26 में दक्षिण एशिया क्षेत्र की वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है।

वैश्विक मुद्रास्फीति 2024-25 में कम होने की उम्मीद

रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक मुद्रास्फीति 2024 में 3 .5 प्रतिशत और 2025 में 2 .9 प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है लेकिन यह रफ्तार छह महीने पहले के अनुमान की तुलना में धीमी है। इससे कई केंद्रीय बैंक नीतिगत ब्याज दरों को कम करने में सावधानी बरत सकते हैं। विश्व बैंक ने कहा कि भारत में मुद्रास्फीति सितंबर, 2023 से ही रिजर्व बैंक के दो-छह प्रतिशत के निर्धारित दायरे के भीतर बनी हुई है। हालांकि, दक्षिण एशिया क्षेत्र में भारत को छोड़कर क्षेत्रीय मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर से नीचे होने के बावजूद अधिक बनी हुई है।

सेबी 49 अधिकारियों की करेगा नियुक्ति मांगे गए आवेदन

नई दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने इस साल विभिन्न विभागों में 49 अधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। इससे सेबी को अपने नियामकीय कामकाज के तेजी से और अधिक प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। यह निर्णय भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा मार्च में 97 वरिष्ठ स्तर के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करने के बाद लिया गया है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए लिंक मूल रूप से 13 अप्रैल को खुलने वाला था। हालांकि, आम चुनाव के कारण इसे स्थगित करने का निर्णय लिया गया। सेबी ने मंगलवार को एक नए नोटिस में सामान्य, विधि, सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग इले., अनुसंधान और आधिकारिक भाषा विभाग में ऑफिसर ग्रेड ए (सहायक प्रबंधक) के 49 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

वैश्विक भर्तियों की संभावना में छठे स्थान पर पहुंचा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

- **मैनपावरग्रुप कंपनी के तिमाही में वैश्विक सर्वेक्षण के आधार पर कही गई बात**

भारत 2024 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए अपने रोजगार परिदृश्य के मामले में वैश्विक स्तर पर छठे स्थान पर है। देश में 30 प्रतिशत कंपनियां अगले तीन महीनों में अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहीं हैं।

कार्यबल समाधान कंपनी मैनपावरग्रुप के एक वैश्विक सर्वेक्षण में यह बात कही गई। भारत के शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) की गणना छंटनी की योजना बनाने वाले नियोक्ताओं की संख्या को नियुक्ति की योजना बनाने वाले नियोक्ताओं से घटाकर की गई। इससे सामने आया कि 30 प्रतिशत कंपनियां अगले 3 महीनों में अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रही हैं। भारत अपने रोजगार परिदृश्य के लिए वैश्विक स्तर पर छठे स्थान पर है, जो वैश्विक औसत से आठ अंक ऊपर है। यह सर्वेक्षण 42 देशों में किया गया है।

वैश्विक स्तर पर, कोस्टा रिका में जुलाई-सितंबर के लिए सबसे मजबूत 35 प्रतिशत नियुक्ति की उम्मीद है। इसके बाद स्विट्जरलैंड में 34 प्रतिशत, ग्वाटेमाला में 32 प्रतिशत, मेक्सिको में 32 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका में 31 प्रतिशत कंपनियां अगले तीन महीनों में भर्तियां करने की योजना बना रही है।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,250
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,150
गिन्नी (प्रति नग)	54,500-54,700

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	71,500
सोना जेवरात गिन्नी	70,500
चांदी पक्की	876 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	71,750
चांदी आभूषण	89,200।

सोने में 150 रुपये की तेजी चांदी 1,400 रुपये लुढ़की

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 150 रुपये की तेजी के साथ 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोमवार को सोना 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 1,400 रुपये लुढ़क कर 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 92,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में, हाजिर सोने की कीमतें 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।



घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री 4% बढ़ी

नई दिल्ली। देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर 4 प्रतिशत बढ़कर 3,47,492 इकाई हो गई। मई, 2023 में थोक बिक्री कुल 3,34,537 इकाई रही थी। उद्योग संगठन सियाम ने यह जानकारी दी।

विशेष आर्थिक क्षेत्र से निर्यात 2023-24 में बढ़कर 163 .69 अरब डॉलर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- **वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों अनुसार 4 प्रतिशत हुई बढ़ोतरी**

विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) से निर्यात 2023-24 में 4 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 163.69 अरब डॉलर हो गया, जबकि देश का कुल निर्यात पिछले वित्त वर्ष में तीन प्रतिशत से अधिक घटा था।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इन क्षेत्रों से निर्यात 2022-23 में 157.24 अरब डॉलर और 2021-22 में 133 अरब डॉलर रहा था। विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) प्रमुख निर्यात केंद्र हैं, जिन्होंने पिछले वित्त वर्ष में देश के कुल निर्यात में एक-तिहाई से अधिक का योगदान दिया। विशेष आर्थिक क्षेत्र ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें व्यापार तथा सीमा शुल्क के लिए विदेशी क्षेत्र माना जाता है। इन क्षेत्रों के बाहर घरेलू बाजार में शुल्क मुक्त बिक्री पर प्रतिबंध होता है। सरकार ने ऐसे 423 क्षेत्र (जोन) को मंजूरी दी है, जिनमें से 280 इस साल 31 मार्च तक चालू हो चुके हैं। 31 दिसंबर, 2023 तक इन क्षेत्र में 5,711 स्वीकृत इकाइयां थीं। आंकड़ों से पता चलता है कि 31 दिसंबर, 2023 तक इन क्षेत्रों में 6.92 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। कुल 30.70 लाख लोगों को रोजगार मिला है। प्रमुख निर्यात गंतव्यों में संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर शामिल हैं। इन क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई उपायों पर विचार कर रही है।

राष्ट्रीय

एक नजर

आतंकवादियों को सहायता देने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में दो विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद होने के सिलसिले में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि करीब छह किलोग्राम वजनी विस्फोटक उपकरण रविवार को बरामद किये गये थे और एक दिन बाद उन्हें नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि तीन जून को लश्कर-ए-तैयबा कमांडर रियाज डार और उसके सहयोगी रईस डार की हत्या के बाद आगे की जांच के दौरान पुलिस ने मारे गए आतंकवादियों के ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) नेटवर्क से विस्फोटक बरामद किए।

1.47 करोड़ रुपये चुराने वाला पकड़ा गया

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने अपने रिश्तेदार के घर से 1.47 करोड़ रुपए चुराने वाले युवक को चुराई गई नकदी के साथ पकड़ लिया है। सीकर जिले के खाटूश्यामजी के थानाधिकारी राजाराम ने बताया कि आरोपी विकास ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर अपने रिश्तेदार बंशी के घर से पैसे चुराने की साजिश रची थी। उन्होंने बताया कि बंशी ने अपनी जमीन बेचकर पैसा घर में रखा था तथा कल रात वह नागौर के कुचामन में अपने किसी रिश्तेदारे के यहां गया था। राजाराम ने बताया कि विकास अपने दो दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से खाटूश्यामजी इलाके में आया और मंगलवार तड़के घर से उसने पैसे चुरा लिए।

कारोबारी की स्वास्थ्य स्थिति पर रिपोर्ट तलब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में न्यायिक हिरासत में बंद हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्र पिल्लई की स्वास्थ्य स्थिति पर संबद्ध जेल अधीक्षक से एक रिपोर्ट मांगी है। उच्च न्यायालय की एक अवकाशकालीन पीठ ने जेल अधिकारियों को पिल्लई को मुहैया कराये जा रहे उपचार पर एक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। पिल्लई ने स्वास्थ्य आधार पर अदालत से अंतरिम जमानत का आग्रह किया है। न्यायमूर्ति अमित शर्मा ने कहा-नवीनतम चिकित्सा रिपोर्ट संबंधित जेल अधीक्षक से मांगी जाए।

मोदी सरकार के नए मंत्रियों में 99% करोड़पति

एडीआर के मुताबिक औसत संपत्ति 107 करोड़, 6 ऐसे जिनके पास 100 करोड़ से अधिक की संपदा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में चुनाव सुधार की दिशा में काम करने वाली संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली नई मंत्रिपरिषद के 71 सदस्यों में से 70 यानी 99 प्रतिशत करोड़पति हैं और उनकी औसत संपत्ति 107.94 करोड़ रुपये है।

एडीआर ने कहा कि मंत्रियों में से 6 ऐसे हैं जिनके पास 100 करोड़ रुपये से कहीं अधिक की संपत्ति है। मंत्रियों की ओर से अपनी संपत्ति की घोषणा के आधार पर एडीआर ने यह आकलन किया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ चंद्रशेखर पेम्मासानी 5705.47 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ इस सूची में सबसे ऊपर हैं। उनकी संपत्ति में 5598.65 करोड़ रुपये की चल और 106.82 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल है। संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कुल 424.75 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। उनकी संपत्ति के ब्योरे में चल संपत्ति में 62.57 करोड़ रुपये और अचल संपत्ति में 362.17 करोड़ रुपये शामिल हैं। भारी उद्योग मंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी के पास कुल 217.23 करोड़ रुपये की संपत्ति है। उनकी संपत्ति में 102.24 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 115.00 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल है। रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुल 144.12 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है, जिसमें 142.40 करोड़ रुपये चल संपत्ति और 1.72 करोड़ रुपये अचल संपत्ति शामिल है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के पास कुल 121.54 करोड़ रुपये की संपत्ति है। उनकी संपत्ति में चल संपत्ति में 39.31 करोड़ रुपये और अचल संपत्ति में 82.23 करोड़ रुपये शामिल हैं। महाराष्ट्र के उत्तर मुंबई से एक अन्य मंत्री और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 110.95 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है।

71 मंत्रियों में से 70 ने करोड़पति श्रेणी में संपत्ति घोषित की है

विश्लेषण किए गए 71 मंत्रियों में से 70 ने करोड़पति श्रेणी में संपत्ति घोषित की है। इन मंत्रियों के वित्तीय विवरण प्रदान करने वाली रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि उनके बीच औसत संपत्ति 107 .94 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 71 मंत्रियों के साथ रविवार को शपथ ली थी। इस बार भाजपा को भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिला है। इसलिए मोदी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं।

लोस सदस्य बनने के बाद राज्यसभा में 10 सीटें रिक्त

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों के बाद राज्यसभा में 10 सीटें खाली हो गई हैं। राज्यसभा सचिवालय ने इन्हें अधिसूचित किया है। असम, बिहार और महाराष्ट्र में दो-दो, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और त्रिपुरा में एक-एक रिक्तियां हैं। ये रिक्तियां कामाख्या तासा (असम), सर्बानंद सोनोवाल (असम), मीसा भारती (बिहार), विवेक ठाकुर (बिहार), दीपेंद्र सिंह हुड्डा (हरियाणा), ज्योतिरादित्य सिंधिया (मप्र), उदयनराजे भोंसले (महाराष्ट्र), पीयूष गोयल (महाराष्ट्र), केसी वेणुगोपाल (राजस्थान) और बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा) से जुड़ी हैं। ये सभी हाल में संपन्न लोस चुनाव में विजयी हुए हैं। अब निर्वाचन आयोग राज्यों की परिषद में इन रिक्तियों को भरने के लिए चुनाव की नई तारीखों की घोषणा करेगा।

क्षीर भवानी के लिए आज रवाना होंगे 8,400 से अधिक श्रद्धालु

जम्मू, एजेंसी

कश्मीर में वार्षिक क्षीर भवानी मेले के लिए 8,400 से अधिक श्रद्धालु जम्मू से बुधवार को रवाना होंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इन श्रद्धालुओं में अधिकतर कश्मीरी पंडित समुदाय से हैं। चार दिवसीय यह तीर्थयात्रा 12 जून को शुरू होगी, जब श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू शहर के बाहरी इलाके नगरोटा क्षेत्र से बसों में रवाना होंगे। इस वर्ष भारत और विदेश के विभिन्न हिस्सों से 80,000 से 90,000 कश्मीरी पंडितों के घाटी के पांच प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन करने के लिए आने की उम्मीद है। ज्येष्ठ मास की अष्टमी पर मनाया जाने वाला वार्षिक क्षीर भवानी मेला 14 जून को कश्मीर के तुलमुल्ला (गंदरबल), टिक्कर (कुपवाड़ा), लक्तिपोरा ऐशमुकाम (अनंतनाग), माता त्रिपुरसुंदरी देवसर (कुलगाम) और माता क्षीर भवानी मंजगाम (कुलगाम) मंदिरों में आयोजित होगा। राहत आयुक्त डॉ. अरविंद करवानी ने कहा कि हमने इस तीर्थयात्रा के लिए 8,400 से अधिक श्रद्धालुओं को पंजीकृत किया है। अरविंद करवानी ने कहा कि पांच मंदिर परिसरों तक यात्रा के लिए लगभग 200 बसें उपलब्ध कराई गईं हैं, जहां देवी महाराग्नया की पूजा करने के लिए क्षीर भवानी उत्सव मनाया जा रहा है।

'सरकारी परिवार' को मोदी बांट रहे सत्ता की वसीयत

नई दिल्ली, एजेंसी

- **राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर किया मोदी पर पलटवार**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमले का जोरदार जवाब देते हुए मंगलवार को कहा कि उनका परिवारवाद संघर्ष और बलिदान की परंपरा का है लेकिन मोदी सत्ता सुख की वसीयत बांट कर सरकारी परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी का सरकारी परिवारवाद है जहां सत्ता के करीबियों के बच्चों को वह सत्ता की वसीयत का सुख बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने 'सरकारी परिवार' को सत्ता की वसीयत बांट रहे।

कांग्रेस नेता ने राजग के 20 नेताओं के नाम गिनाए जिनमें एचडी कुमार स्वामी, जयंत चौधरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, चिराग पासवान, राम मोहन नायडू, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, किरण रिजिजू, जेपी नड्डा, जितिन प्रसाद, कीर्ति वर्धन सिंह और अनुप्रिया पटेल शामिल हैं।

सबके सिर पर छत की मोदी की गारंटी खोखली निकली

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि 2022 तक सबसे सिर पर छत की मोदी की गारंटी खोखली साबित होने के बाद अब तीन करोड़ आवास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण के लिए सरकारी सहायता को मंजूरी दी गई। खरगे ने कटाक्ष करते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि लोकसभा चुनाव में देश ने ऐसा जवाब दिया कि मोदी सरकार को दूसरों के घरों से कुर्सियां उधार लेकर अपना सत्ता का घर संभालना पड़ रहा है। 17 जुलाई 2020 को प्रधानमंत्री जी ने देश को मोदी की गारंटी दी थी कि 2022 तक हर भारतीय के सिर पर छत होगी। ये गारंटी तो खोखली निकली। उन्होंने कहा-अब तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास देने का ढिंढोरा ऐसे पीट रहे हैं, जैसे पिछली गारंटी पूरी कर ली हो।

कॉलेज ने कहा-शिक्षिका ढक सकती हैं सिर

कोलकाता, एजेंसी

- **कोलकाता के निजी कॉलेज में सामने आया हिजाब विवाद**

कोलकाता के एक निजी विधि कॉलेज की एक शिक्षिका को हिजाब पहनने के कारण कथित रूप से कक्षाएं लेने से रोके जाने के बाद इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया, लेकिन मंगलवार को कॉलेज ने कहा कि वह स्कार्फ से अपना सिर ढक सकती है।

हालांकि, शिक्षिका संजीदा कादर ने कहा कि उन्होंने कॉलेज प्रबंधन से एक सप्ताह का समय मांगा है ताकि वह यह निर्णय ले सकें कि उन्हें फिर से काम पर लौटना है या नहीं। एलजेडी लॉ कॉलेज में पिछले तीन साल से शिक्षण कार्य कर रहीं कादर ने पांच जून को इस्तीफा दे दिया था। उनका आरोप था कि कॉलेज प्रशासन ने उन्हें 31 मई के बाद कार्यस्थल पर हिजाब न पहनने का निर्देश दिया था। मामला सार्वजनिक होने और हंगामा मचने के बाद, कॉलेज के अधिकारियों ने 10 जून को इस पर पर जोर दिया कि यह गलतफहमी का नतीजा है और वह अपना इस्तीफा वापस लेने के बाद 11 जून को वापस आ जाएंगी। कादर ने कहा-सोमवार को मुझे कार्यालय से एक ईमेल मिला जिसमें मुझे बताया गया कि मैं कक्षाएं लेते समय अपने सिर को स्कार्फ या दुपट्टे से ढक सकती हूं।

जेल में बंद मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य मंत्रिमंडल से दिया इस्तीफा

रांची। झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य मंत्रिमंडल से और कांग्रेस विधायक दल के नेता के पद से इस्तीफा दे दिया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आलम धन शोधन संबंधी एक मामले के सिलसिले में जेल में हैं। पदाधिकारी ने कहा कि आलम ने रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को लिखे एक पत्र में राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री के तौर पर अपना इस्तीफा दिया। आलम ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे अन्य पत्र में कहा-मैं झारखंड में कांग्रेस विधायक दल के नेता पद से अपना इस्तीफा देता हूं। विधायक दल के नेता के रूप में कार्य करने का अवसर देने के लिए मैं पार्टी नेतृत्व का हमेशा आभारी रहूंगा।

